दैनिक **करंट क्राइम**

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। शुक्रवार 02 अगस्त -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 294 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3





की हार्दिक शुभकामनाएं










# कड़ी सुरक्षा के बीच दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में शुरू हुआ शिवरात्रि का महाजलाभिषेक

## 24 घंटे तक जारी रहेगा नॉनस्टॉप पूजन और जलाभिषेक, हजारों कांवड़ियों ने चढ़ाया भोले बाबा पर गंगाजल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार रात 12 बजाते ही दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के आसपास का नजारा शिवमय हो गया। हजारों की संख्या में भोले बाबा के भक्तों के रूप में कांवड़ियों ने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की प्राचीन पिंडी पर जलाभिषेक कर भोले बाबा को हाजिरी लगाई। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए महिलाओं और पुरुष की अलग-अलग कतारें नजर आई। हजारों की संख्या में श्रद्धालु देखे गए। वहीं दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने कहा है कि शिवरात्रि के लिए गुरुवार की देर रात से जलाभिषेक शुरू हो गया था, जो शुक्रवार की देर रात तक जारी रहेगा। वहीं कुछ शिव भक्त शनिवार को भी जलाभिषेक करेंगे।




### रोशनी से जगमग हुआ दूधेश्वरनाथ मंदिर, फूलों से की गई है भव्य सजावट

करंट क्राइम : शिवरात्रि को लेकर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। यहां रंग बिरंगी लाइटिंग करने के साथ ही मंदिर की सुंदरता और भोले बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया है। शिव भक्त जलाभिषेक कर सकें इसके लिए महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग कतर बनाई गई हैं। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स की ड्यूटी भी लगाई गई है। यहां बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारी, थाना प्रभारी और महिला व पुरुष उपनिरीक्षकों को भी तैनात किए गए हैं।





### दिनेश कुमार पी और कल्पना सक्सेना ने किया दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का निरीक्षण

करंट क्राइम : सावन मास की शिवरात्रि के जलाभिषेक को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी और कल्पना सक्सेना ने दूधेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां पिंक बूथ पर बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम के साथ ही मंदिर के मुख्य प्रवेश और निकास द्वार के साथ ही आसपास की बेरीकेडिंग और पुलिस की ड्यूटी चार्ट की जांच की गई। इस दौरान एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना के साथ एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी, घंटाघर कोतवाली प्रभारी रवि बालियान भी सुरक्षा की जांच करने के लिए पहुंचे।





### भोले बाबा के जयकारों से गूंजा जीटी रोड

करंट क्राइम : भोले बाबा के भक्तों में जलाभिषेक को लेकर जोश और भक्ति भावना दोनों देखने को मिली। देर रात से ही जीटी रोड और दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की ओर जाने वाले सभी रास्ते भोले बाबा के भक्तों की भीड़ से भरे हुए नजर आए। देर रात से ही बम-बम, हर-हर महादेव के जयघोष चारों ओर गूंज रहे थे।

### आज भी रहेगा दूधेश्वरनाथ मंदिर मार्ग पर रूट डायवर्जन

करंट क्राइम : सावन शिवरात्रि को लेकर गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस की तरफ से दूधेश्वरनाथ मंदिर के आसपास डायवर्जन किया गया है। जिससे कि मंदिर में आने वाले शिव



भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। साथ ही अन्य लोग भी वैकल्पिक रास्तों से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। यातायात पुलिस द्वारा 31 जुलाई 2024 को रात्रि 12 बजे से 2 अगस्त रात्रि 12 बजे तक डाइवर्जन लागू किया गया है। इस अवधि में दो पहिया, तीन पहिया और अन्य सभी प्रकार के छोटे वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया है।

### डायवर्जन प्लान और पार्किंग व्यवस्था

**करंट क्राइम :** जलाभिषेक के लिए दूधेश्वरनाथ मन्दिर पर आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। हापुड़ चुंगी की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था नवयुग मार्केट के मुख्य मार्ग और सेठ मुकुन्दलाल कॉलेज में की जाएगी। लाल कुआं की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था रामलीला मैदान में की जाएगी। विजयनगर गऊशाला की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था एचएचकेएम इंटर कॉलेज एवं पास के चांदमारी मिलिट्री ग्राउण्ड में की जाएगी।

- चौधरी मोड़, रेलवे रोड, दिल्ली जूस कॉर्नर, गऊशाला फाटक, हापुड़ तिराहा, कैला भट्टा, मेरठ तिराहा की ओर से दूधेश्वरनाथ मन्दिर की ओर सभी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा।
- चौधरी मौड़ से पटेलनगर फ्लाईओवर के बीच सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा।
- लाल कुआं से सीमापुरी के बीच ऑटो का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा।

### लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के सवाल से हुआ एक बड़ा खुलासा

# वर्ष 2023 में 30 लाख आवारा कुत्तों ने लोगों को काटा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के सवाल ने सही मायनों में एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। ये सवाल आवारा कुत्तों से लोगों की सुरक्षा को लेकर है। ये सवाल इस बात का भी है कि सड़कों पर रहने वाले कुत्तों से बचाव के लिए क्या कदम उठे हैं। सांसद अतुल गर्ग ने लोकसभा में सवाल उठाया और उन्होंने आवारा कुत्तों को लेकर प्रश्न रखा। अतुल गर्ग ने सदन में लिखित रूप से ये सवाल उठाया और उनके इस सवाल के बाद इस बात का खुलासा हुआ कि वर्ष 2023 में 30 लाख से ज्यादा कुत्तों ने लोगों को काटा है और इसी वर्ष देश में 286 लोगों की मौत कुत्तों के काटने के कारण हो गई। अतुल गर्ग ने लोकसभा में लिखित रूप से ये सवाल रखा था। अतुल गर्ग ने ये पूछा था कि क्या मतस्य पालन, पशु पालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले वर्ष के दौरान देश में आवारा कुत्तों के काटने की कितने घटनाएं दर्ज की गईं कितने लोग घायल हुए और मरे। इसके जवाब में यह खुलासा हुआ कि वर्ष 2023 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम आईडीएसपी में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 के दौरान कुत्तों के काटने के 3043339 मामले सामने आये। इसी वर्ष कुत्तों के काटने से 286 लोगों की मृत्यु हुई।



### क्या शहरों में आवारा कुत्तों के खतरे को रोकने के लिए हुए हैं कोई उपाय

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने ये विषय उठाया है और उन्होंने ये भी पूछा कि क्या शहरों में आवारा कुत्तों के खतरे को रोकने के लिए कोई उपाय किये गये हैं। क्या आवारा कुत्तों के काटने से घायल हुए व्यक्तियों को एन्टी रैबिज टीके लगाये गये थे। सांसद इस प्रश्न के जवाब में मतस्य पालन, पशु पालन तथा डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह द्वारा जवाब दिये गये हैं और बताया गया है कि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 के दौरान कुत्तों के काटने के मामलों के लिए एन्टी रैबिज शॉर्टस की संख्या 46,54,398 थी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय रैबिज को रोकने और नियंत्रित करने के लिए बारवीं पंचवर्षीय योजना से राष्ट्रीय रैबिज नियंत्रण कार्यक्रम लागू कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भी यही है कि जानवरों के काटने और रैबिज के मामलों की निगरानी को मजबूत किया जाये। रैबिज निदान को मजबूत किया जाये। इसके अलावा रैबिज की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राज्यों और जिला स्तरीय जनशक्ति का निर्माण किया जाये।

# मुख्यमंत्री योगी आज दूधेश्वरनाथ मंदिर पर करेंगे हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

## पुलिस और खुफिया विभाग हुआ अलर्ट



**सुबह 11:30 से 12:30 के बीच रहेगा कार्यक्रम**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हर साल की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांवड़ियों पर सावन शिवरात्रि के अवसर पर पुष्प वर्षा करेंगे। जानकारी है कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद के दूधेश्वरनाथ मंदिर पर पुष्प वर्षा करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 11:30 के बीच रखा गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को यूपी के मुख्यमंत्री तीन जिलों के एयरटूर पर रहेंगे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ मेरठ के प्रसिद्ध औघड़नाथ शिव मंदिर पर पुष्प वर्षा करने के साथ ही बागपत के पुरामहादेव और गाजियाबाद के प्राचीन शिव मंदिर दूधेश्वरनाथ पर पुष्प वर्षा करेंगे। यह पूरा कार्यक्रम हवाई रहेगा। जिसमें हेलीकॉप्टर से मंदिर और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। बता दें कि इससे पहले भी कांवड़ यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिव भक्तों का अपने ही अंदाज में स्वागत करते रहे हैं। वहीं गुरुवार को मेरठ में स्थानीय प्रशासन ने शिव भक्तों पर मेरठ मार्ग पर हवाई यात्रा कर पुष्प वर्षा की थी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए बड़ी संख्या में गुलाब और सुगंधित पुष्प का इंतजाम किया गया है, जो सीएम के हेलीकॉप्टर में रखे जाएंगे और वहीं से पुष्प वर्षा का कार्यक्रम संचालित होगा। सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या पुलिस बल व खुफिया तंत्र को अलर्ट कर दिया गया है।

# जब तेज बारिश ने मचाई आफत तो नगर आयुक्त ने सड़कों पर उतरकर झोंकी ताकत



## पहुंचे जनता के बीच और पूछा आपको कोई परेशानी तो नहीं

### जब बारिश में पहुंच गये कावंडियों के बीच और लोगों से पूछा आपको कोई दिक्कत तो नहीं है

करंट क्राइम। वो महकमें के साहब हैं और चाहें तो पूरी मॉनिटरिंग कैम्प कार्यालय से कर सकते हैं। वहीं से आदेश दे सकते हैं। उनके आदेश पर नगर निगम का पूरा दस्ता सड़कों पर आ जायेगा। लेकिन आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक ऑन द स्पॉट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद समाधान के साथ आते हैं। यही उनकी वर्किंग है जो आम लोगों को राहत देती है। बुधवार को भी जब बारिश हुई तो इस झमाझम बरसात में नगर आयुक्त कावंडियों के बीच पहुंचे। उनकी समस्याओं का समाधान किया। यहां उन्होंने लोगों के बीच पहुंचकर भी संवाद कायम किया। लोगों से पूछा उन्हें कोई दिक्कत तो नहीं है। ये वो जज्बा है जो युवा आईएएस अधिकारी की कार्यशैली में शामिल है। एक ऐसा अधिकारी जो केवल अपने ऑफिस में बैठकर नहीं बल्कि सड़कों पर उतरकर भी कार्य का संदेश दे सकता है।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सावन का महीना नगर निगम की चुनौती का महीना होता है। नगर निगम को कांवड़ यात्रा मेले की तैयारी करनी होती है। नगर निगम को इस दौरान सभी खंभों को ढकना है। जिससे किसी को करंट ना लगे। इस दौरान नगर निगम पूरे क्षेत्र में झाड़ियों की सफाई कराता है ताकि किसी जहरीले जंतु के काटने की घटना ना हो। कांवड़ यात्रा के दौरान पथ प्रकाश व्यवस्था और सड़क व्यवस्था की जिम्मेदारी होती है। वहीं दूसरी तरफ ये मानसून का महीना होता है लिहाजा बारिश भी चुनौती होती है। लेकिन अगर विभाग के प्रमुख अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को चुनौती मान लेते हैं तो पूरा विभाग सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करता है। क्योंकि बड़े अधिकारी की कार्यशैली से ही विभाग का विजन स्पष्ट होता है। नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक एक ऐसे ही युवा आईएएस अधिकारी हैं। जो दूरदर्शिता के साथ काम करते हैं। समाधान के दृष्टिकोण के साथ सामने आते हैं और खुद एक लीडर की तरह आगे बढ़कर मोर्चा संभालते हैं। बुधवार को जब तेज बारिश ने महानगर की सड़कों पर आफत मचाई तो लोगों को राहत देने के लिए खुद नगर आयुक्त आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक सड़क पर उतरे और पूरी ताकत झोंकी। ये एक ऐसा जज्बा था जो उन्हें दूसरे अफसरों से अलग बनाता है। तेज बारिश में एक आईएएस अधिकारी अपने कैम्प कार्यालय पर बैठकर मॉनीटरिंग नहीं कर रहे थे। वो पूरे जोश के साथ खुद सड़क पर उतरे। जब बड़े अधिकारी बारिश की परवाह ना करते हुए सड़क पर आ गये तो फिर नगर निगम का पूरा दस्ता भी चौकस हो गया। जब साहब सड़क पर आ गये तो अधीनस्थ अधिकारी भी सड़क पर उतरे। तस्वीरें बता रही हैं कि एक आईएएस अधिकारी जल भराव के बीच मौके पर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया राहत कैसे पहुंचे इसके निर्देश दिये।

बारिश के बीच वो नालों की व्यवस्था सड़क की व्यवस्था से लेकर खंभों का भी निरीक्षण कर रहे थे। ये वो जज्बा है जो एक अधिकारी को तो लोकप्रिय बनाता ही है और उससे ज्यादा सरकार की छवि को जनमानस में एक सकारात्मक छवि के साथ प्रस्तुत करता है।

# प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित भवनों के स्वीकृत मानचित्र के विरुद्ध जन उपयोगी व्यावसायिक क्रियाओं के संचालन पर की गई बड़ी कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित भवनों के बेसमेंट में पार्किंग के स्थान पर अवैधानिक गतिविधियों के नियंत्रण एवं मानक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में शासन से प्राप्त दिशा निर्देश के क्रम में उपाध्यक्ष ने सभी जोन में प्रभारी प्रवर्तन, सहायक अभियंता, अवर अभियंता की टीम को विशेष अभियान दल का सदस्य बनाते हुए निर्देश दिये कि जिन्हें पूर्व में नोटिस जारी हैं, उन पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही कर सीलिंग कर दी जायेगी। यदि नोटिस जारी नहीं है तो चिह्नांकन कर तत्काल नोटिस दिया जाये। अपने जोन में स्थित सभी बेसमेंटों का निरीक्षण किया जाये।



उक्त निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को प्रवर्तन जोन-4 के क्षेत्रान्तर्गत गठित अभियान दल ने विजय कुमार एवं सुदन रावत, प्लॉट नं. 37, सेक्टर-1, अम्बेडकर रोड, गाजियाबाद द्वारा निर्मित बेसमेंट के चारों ओर आरसीसी वॉल का निर्माण सेटबैक छोड़ते हुए कर लिया गया है। आंशिक रूप से अपूर्ण मिट्टी भराई को पूर्ण करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। कृष्ण कुमार केसरवानी, भूखण्ड संख्या-।।-सी/130, नेहरूनगर, गाजियाबाद में पूर्व निर्मित बेसमेंट को दो भागों में विभाजित किया गया है। इसका एक भाग रिक्त है एवं दूसरे भाग में स्नूकर टेबिल स्थापित कर खेल हेतु संचालित किया जा रहा है, जिसे तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दे दिये गये हैं। तरुण शर्मा, भूखण्ड संख्या ।।-सी/101, नेहरूनगर, गाजियाबाद को निर्मित बेसमेंट को दो भागों में विभाजित किया गया है, जिसका एक भाग रिक्त व दूसरे भाग में टाईल्स के डिमोस्ट्रेशन हेतु उपयोग किया जा रहा है। डॉ. हीराला शर्मा, ।।।-बी/02, नेहरूनगर, गाजियाबाद, पूर्व में निर्मित बेसमेंट में ब्लड बैंक का संचालन किया जा रहा है। प्रश्नगत स्थल पर मरीज को भर्ती किये जाने हेतु व्यवस्था नहीं है, मात्र ब्लड लेने व देने की का संचालन किया जा रहा है। ज्योति चैधरी पत्नी देवेन्द्र कुमार निर्माणकर्ता प्रवीण कसाना ने इन्द्रप्रस्थ के डी-ब्लॉक स्थित भूखण्ड संख्या एन.पी1-06, टीला मोड पर निर्मित बेसमेंट में जिम का संचालन किया जा रहा था जिसमें धारा-26, 27, 28(1) व 28(2) के अन्तर्गत सील, एफ.आई.आर. की कार्यवाही की गई है।







### सीलिंग तथा एफआईआर की कार्रवाई को दिया गया अंजाम

**करंट क्राइम।** नितीश जैन, भूखण्ड संख्या ।।।-बी/03, नेहरूनगर, गाजियाबाद में पूर्व निर्मित बेसमेंट का बुक स्टोर के रूप में उपयोग किया जा रहा है। स्थल पर दो फायर एक्सिटिंगयूसर सुरक्षा की दृष्टि से स्थापित किया गया है। प्रवर्तन जोन-8 के अन्तर्गत शालीमार गार्डन एक्स.- ।के भवन संख्या 701 में गौरव पुत्र जयराम द्वारा निर्मित बेसमेंट में पार्किंग/व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं जिसमें धारा-26, 27, 28(1) व 28(2) के अन्तर्गत सील, एफआईआर की कार्यवाही की गई है।

जयवीर सिंह मावी का भूखण्ड संख्या ए-18, इन्द्रपुरी लोनी बॉर्डर पर बेसमेंट निमार्णाधीन पाया गया, जिसका मानचित्र स्वीकृत न होने के कारण धारा-26, 27, 28(1) व 28(2) के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है।

मंगत राय गर्ग निर्माणकर्ता प्रवीण कसाना, इन्द्रप्रस्थ के डी-ब्लॉक के भूखण्ड संख्या एन.पी1-10, टीला मोड पर निमार्णाधीन बेसमेंट का निर्माण वर्षा ऋतु को देखते हुए स्थगित करने के निर्देश दिये गये। मौके पर निर्माणकर्ता और विकासकर्ताओं को निर्देश दिये गये कि स्वीकृत मानचित्र के विरुद्ध जनउपयोगी व्यावसायिक क्रियाओं का संचालन न करें। जिससे किसी भी जान-माल की क्षति से बचा जा सके। उक्त कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर मुस्लिम पक्ष को झटका, सुनवाई से रोक पर इलाहाबाद हाई कोर्ट का इनकार

**प्रयागराज।** मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने स्वामित्व को लेकर दाखिल सिविल वादों को पोषणीय माना तथा मस्जिद पक्ष की अर्जियां खारिज कर दीं।

न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की कोर्ट ने छह जून को सुरक्षित किया गया आदेश सुनाया। मंदिर पक्ष के अधिवक्ताओं ने इसे श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण बताया है। अब मामले में अगली सुनवाई 12 अगस्त से होगी।

मंदिर पक्ष के अधिवक्ता सौरभ तिवारी का कहना है कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले में मंदिर पक्ष की बड़ी जीत हुई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ ने शाही ईदगाह मस्जिद ट्रस्ट के सीपीसी के आदेश सात, रूल -11 का आवेदन खारिज कर दिया है। मस्जिद पक्ष की तरफ से इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दिए जाने के संकेत दिए गए हैं।



### मस्जिद पक्ष ने दी थी ये दलील

मस्जिद पक्ष की तरफ से प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट, मियाद कानून और वक्फ संपत्ति होने के आधार पर यह कहा गया था कि सिविल कोर्ट को वाद सुनने का अधिकार नहीं है। मंदिर पक्ष ने इन आपत्तियों को निराधार बताया था। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव सहित 18 सिविल वादों में 15 की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने की थी। यह लगभग एक ही प्रकृति के थे।

## 'सरकार शांति लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही', मणिपुर सीएम विधानसभा में बोले- जल्द करेंगे बड़ा एलान

**मणिपुर।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार शांति वार्ता के लिए काम कर रही है और इसे लेकर असम के सिलचर में कई बैठकें भी हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा, 'हम विधायकों और अन्य सदस्यों की सहायता से शांति वार्ता के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं। सिलचर में बैठकें हुई हैं और जल्द ही इस संबंध में घोषणा करेंगे।' हालांकि मुख्यमंत्री ने बैठकों में शामिल लोगों के बारे में विस्तार से नहीं बताया।



राज्य में जारी हिंसा को सीएम ने अवांछित और अप्रत्याशित करार दिया और कहा कि गिरफ्तारी या अन्य सख्त कदम उठाने से कानून की स्थिति बिगड़ सकती है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने आरोप लगाया कि मणिपुर हिंसा का राजनीतिकरण किया जा रहा है, जिससे हालात मुश्किल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ तत्व ऐसे हैं जो राजनीति कर रहे हैं। मैं सभी से ऐसी गतिविधियों में शामिल न होने की अपील करता हूं।'

कांग्रेस विधायक रंजीत सिंह ने राज्य में 38,000 से अधिक सशस्त्र बलों की मौजूदगी के बावजूद हिंसा होने पर सवाल उठाया तो सीएम ने कहा कि, 'सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा हिंसा की जांच की जा रही है। जांच के बाद पता चलेगा कि हिंसा किन खामियों की वजह से हुई और जांच के बाद हिंसा के लिए जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एक सवाल का जवाब देते हुए सीएम ने कहा, 'अब तक हिंसा में 226 लोग मारे जा चुके हैं। भीड़ के चलते दोषियों को गिरफ्तार करने में परेशानी हो रही है।'

# रेल मंत्री ने कवच को लेकर दिया बड़ा अपडेट, कहा- पूरे रेल नेटवर्क में इसे लगाने के लिए दिन-रात एक कर देंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष के आरोपों पर जमकर पटलवार किया। वहीं विपक्ष के हंगामे और अनुदान की मांग पर बहस का जवाब देते हुए उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कथित तौर पर पर्याप्त कदम नहीं उठाने के लिए पिछली यूपीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, कांग्रेस के 58 साल के शासन के दौरान, 2014 तक भारतीय रेलवे पर एक किलोमीटर पर भी स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली लागू नहीं की गई थी।

### कांग्रेस और सपा पर रेल मंत्री ने लगाया आरोप

वहीं अश्विनी वैष्णव ने विपक्षी कांग्रेस और उसकी सोशल मीडिया ट्रोल आर्मी पर रेलवे नेटवर्क पर हर छोटी घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया, ताकि हर दिन रेलवे नेटवर्क का उपयोग करने वाले दो करोड़ से अधिक यात्रियों में डर की भावना पैदा हो। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से गलत सूचना फैलाने के प्रयास सफल नहीं होंगे। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की तरफ से अयोध्या रेलवे स्टेशन पर हुई घटनाओं के बारे में गलत जानकारी फैलाने का प्रयास किया गया। इस दौरान रेल मंत्री ने पिछले महीने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बैठक को लेकर निशाना साधा, जिससे विपक्षी सदस्य खड़े हो और हंगामा करने लग गए। इस अश्विनी वैष्णव ने कहा, जो लोग लोको पायलटों के साथ रील बनाने में व्यस्त थे... यूपीए शासन के दौरान रनिंग रूम में एक भी एयर कंडीशनर नहीं लगाया गया था, और एयर-कंडीशन केबिन वाले कोई भी लोकोमोटिव नहीं थे।



इसके बाद विपक्षी सदस्य के वेल में आ गए और 'रेल मंत्री वापस जाओ', 'रील मंत्री हाय, हाय' और 'रील मंत्री इस्तीफा दो' के नारे लगाते हुए सदन से बाहर चले गए।

### 'कवच को लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी'

हालांकि इस दौरान रेल मंत्री ने पूरे रेलवे नेटवर्क पर कवच को लागू करने के लिए कोई समयसीमा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि बहुत छोटे रेलवे नेटवर्क वाले छोटे देशों को भी स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली को लागू करने में 20 साल से अधिक का समय लगा। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि कवच को लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हम दिन-रात कड़ी मेहनत करेंगे और हर किलोमीटर पर कवच लगाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

### '10 हजार कोचों पर कवच 4.0 को किया जाएगा लागू'

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कवच 4.0 को इस साल 17 जुलाई को अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन की तरफ से प्रमाणन मिला है और सिस्टम के तीन निमार्ताओं ने अपनी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाया है। दो नए निमार्ता भी इसमें शामिल हो रहे हैं, 8 हजार से अधिक इंजीनियरों और तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया गया है, छह विश्वविद्यालयों ने अपने पाठ्यक्रम में कवच को शामिल किया है।

### 'यूपीए और हमारी सरकार की कार्यशैली अलग'

रेल मंत्री ने इस दौरान रेलवे नेटवर्क में मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने, ट्रेनों की आवाजाही के बेहतर प्रबंधन के लिए रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटर-लॉकिंग को लागू करने में अपनी सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों को बताया। उन्होंने कहा यूपीए और हमारी सरकार की कार्यशैली अलग है। पहले, रेलवे जैसी महत्वपूर्ण प्रणाली से निपटने में कोई केंद्रित दृष्टिकोण नहीं था। अब हमारे पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक केंद्रित दृष्टिकोण है।

## राहुल गांधी के वायनाड दौरे पर भाजपा का तंज

**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में मंगलवार को मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में आए भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी। इस भूस्खलन के कारण अबतक 173 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 219 घायल है। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सेना का राहत व बचाव कार्य जारी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ वायनाड में आज पीड़ितों से मुलाकात की। राहुल गांधी के दौरे पर भाजपा प्रवक्ता सीआर केसवन ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं है। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सांसद रहने के दौरान वह (राहुल) पांच साल गैरमौजूद रहे। भाजपा नेता सीआर केसवन ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ₹स्पष्ट तथ्य यह है कि राहुल गांधी पिछले पांच वर्षों से वायनाड के संसद सदस्य के रूप में वहां अनुपस्थित रहे हैं। आज हम देख रहे हैं कि हमारी बहादूर भारतीय सेना केरल के वायनाड में हमारे भाइयों और बहनों को निस्वार्थ भाव से बचाने की कोशिश कर रही है।

# आपदा प्रबंधन कानून में संशोधन के लिए विधेयक लोकसभा में पेश, विपक्ष ने इसकी संवैधानिकता पर सवाल उठाए



● १ राज्यों के अधिकारों में कोई दखलंदाजी नहीं है और आपदा प्रबंधन राज्यों की पहली जिम्मेदारी है।

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के कामकाज की प्रणाली को मजबूत करने के लिए गुरुवार को लोकसभा में एक विधेयक पेश किया गया। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने इस कदम की संवैधानिकता पर सवाल उठाए।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि संविधान की सूची-1 और सूची-2 में केंद्र और राज्य के विषय से संबंधित कोई भी प्रविष्टि आपदा प्रबंधन से जुड़ी नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को समवर्ती सूची में संशोधन करना चाहिए, ताकि आपदा प्रबंधन के मुद्दे को कवर करने के लिए उचित प्रविष्टि हो सके।

उन्होंने कहा कि कानून की विधायी शक्ति को उचित तरीके से परिभाषित किया जाना चाहिए। तिवारी ने यह भी कहा कि विधेयक में केंद्र की नियम बनाने की शक्ति राज्यों की शक्तियों पर अतिक्रमण करती है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सौगर रे ने कहा कि अधिकारियों की बहुलता भ्रम पैदा करेगी। बांद में इस विधेयक को ध्वनिमत से पेश किया गया।

सरकार ने कहा कि विकास योजनाओं में आपदा प्रबंधन को मुख्यधारा में लाने और पिछली आपदाओं से सीख लेने के लिए राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के परामर्श से आपदा प्रबंधन अधिनियम, 20225 की समीक्षा की गई है। अब अधिनियम के कुछ प्रावधानों में संशोधन करना जरूरी हो गया है, जो आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों व समितियों की भूमिका में अधिक स्पष्टता लाने का प्रयास करेगा।

### आपदा प्रबंधन राज्यों की पहली जिम्मेदारी: नित्यानंद राय

आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पेश किया। उन्होंने कहा कि राज्यों के अधिकारों में कोई दखलंदाजी नहीं है और आपदा प्रबंधन राज्यों की पहली जिम्मेदारी है।
विधेयक के उद्देश्यों के मुताबिक, 2005 के अधिनियम का मुख्य मकसद आपदा प्रबंधन योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए आवश्यक संस्थागत तंत्र बनाना है। 2005 अधिनियम का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन योजनाओं के क्रियान्वयन की तैयारी और निगरानी के लिए जरूरी संस्थागत तंत्र बनाना है। इसके उद्देश्य को हासिल करन के लिए राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर कुछ प्राधिकरण और समितियां स्थापित की गई हैं।

# केंद्र सरकार का कारगिल के लिए नागरिक उड़ान सेवाएं शुरू करने का प्रयास, 19 सीटर विमान का होगा संचालन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार कारगिर के लिए नागरिक उड़ान सेवाएं शुरू करने का प्रयास कर रही है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वहां के एयरपोर्ट के लिए केवल 19 सीटर विमान ही संचालित किया जा सकता है। लोकसभा में उन्होंने बताया कि कारगिर एयरपोर्ट पर रनवे, लैंडिंग और टेक-ऑफ प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए केवल 19 सीटर विमान का ही संचालन किया जा सकता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), भारतीय वायु सेना और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों की एक टीम ने 2021 में वाखा कारगिल, तुर्टुक, डिस्किट, न्योमा और पदुम/जांस्कर का दौरा किया था। केंद्रीय शासित प्रदेश लद्दाख में एयरपोर्ट के निर्माण के लिए इन साइटों का दौरा किया गया। हालांकि, इनमें से कोई भी साइट एयरपोर्ट के निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं पाई गई। लद्दाख प्रशासन के अनुरोध पर एएआई ने कारगिर एयरपोर्ट पर बोइंग 737 और एयरबस 320 विमानों के संचालन की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) को नियुक्त किया गया है। आईसीएओ ने बताया कि मौजूदा हवाईपट्टी पर ऐसे विमानों का संचालन संभव नहीं है। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने बताया कि



### कारगिल के लिए नागरिक उड़ाने शुरू करने की तैयारी

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि उड़ान परियोजना के तहत कारगिल के लिए नागरिक उड़ाने शुरू करने के लिए एयरलाइंस के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने कहा, हम कारगिल के लिए नागरिक उड़ान शुरू करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। अगर कोई एयरलाइन कारगिस से श्रीनगर या जम्मू तक के लिए कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए तैयार है, तो हम उनके साथ नागरिक उड़ान संचालित करने के लिए आगे की प्रक्रिया पर बात करेंगे। मंत्री ने बताया कि वह जल्द से जल्द इस पर काम करना चाहते हैं। बता दें कि उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) नागरिक उड्डयन मंत्रालय की क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी योजना है।

### सरकार 12 एयरपोर्ट पर डिजीयात्रा सुविधा लागू करने को तैयार

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बताया कि 12 एयरपोर्ट डिजीयात्रा सुविधा लागू करने के लिए तैयार हैं। वर्तमान में डिजीयात्रा सुविधा केवल 15 एयरपोर्ट पर ही उपलब्ध है। उन्होंने लोकसभा में कहा कि 12 अन्य एयरपोर्ट डिजीयात्रा को लागू करने के लिए तैयार हैं। वहीं 1 एयरपोर्ट इस सुविधा की तैयारी कर रहे हैं।

डिजीयात्रा एप के जरिए साझा किए गए यात्रियों का डेटा किसी भी सेंट्रलाइज्ड सिस्टम में स्टोर नहीं होगा। सरकार डेटा गोपनीयता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी (एफआरटी) पर आधारित डिजीयात्रा भारत में यात्रियों को विभिन्न एयरपोर्ट पर संपर्क रहित, निर्बाध गति की सुविधा प्रदान करती है।

# बदल गया बादलों के फटने का ट्रेंड, तीन से चार हजार फीट की ऊंचाई पर फट रहे बादल

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश और फट रहे बादलों से हालात एक बार फिर से बदहाल होने लगे हैं। हिमाचल प्रदेश में बीती रात को जिस तरीके से बादलों के फटने का सिलसिला शुरू हुआ, उससे कई इलाकों में एक बार फिर से तबाही मचनी शुरू हो गई है। उत्तराखंड से लेकर जम्मू कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्यों में बादलों के फटने का जो ट्रेंड सामने आया है, वह बेहद चौंकाने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मानसून के वक्त तकरीबन पांच से छह हजार फीट की ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में बादलों के फटने की घटनाएं होती थीं। लेकिन बीते कुछ वर्षों में लगातार हो रही बारिश और क्लाउड बर्स्ट में यह ऊंचाई पांच और छह हजार फीट की ऊंचाई से खिसक कर तीन से चार हजार फीट पर आ गई है, जो फिलहाल चिंता का कारण बनी हुई है। वैज्ञानिकों का मानना है की नमी और हवाओं में दबाव की भिन्नता के चलते क्लाउड बर्स्ट की ऊंचाई घटकर कम हो गई है। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर पवन यादव कहते हैं कि जिस तरीके से हिमाचल प्रदेश में बादलों के फटने की सूचनाएं आ रही हैं, वह एक बार फिर से इस राज्य को चिंता की ओर लेकर जा रही है। डॉ यादव कहते हैं कि पिछले साल भी हिमाचल प्रदेश में ऐसे ही बड़ी तबाही मची थी। तब भी लगातार बादलों के फटने से हालात बदहाल हो गए थे। इस बार फिर से एक बार इस पैटर्न पर बादलों के फटने का सिलसिला शुरू हुआ है। उनका कहना है कि बीते कुछ वर्षों में बादलों के बरसने की टाइमिंग भी बदली है और बादलों के फटने की ऊंचाई भी घटकर कम हो गई है। वह कहते हैं कि ऐसा बदलते हुए मौसम और क्लाइमेट चेंज के चलते ही हो रहा है। उनका मानना है कि नमी और हवाओं में दबाव की भिन्नता के चलते क्लाउड बर्स्ट की ऊंचाई घटकर कम हो गई है।



मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर यादव कहते हैं कि बीते बरस जिस तरीके से बारिश ने हिमाचल मे तबाही मचाई थी, उसका बड़ा कारण कम ऊंचाई पर बादलों का फटना भी था। उनका कहना है कि अमूमन बादलों के फटने की प्रक्रिया छह हजार फीट से गुजरने वाले बादलों में होती थी। लेकिन पिछले कुछ समय से यह नोटिस किया जा रहा है कि जिन इलाकों में क्लाउड बर्स्ट हो रहा है वहां की ऊंचाई सामान्यतः होने वाले क्लाउड बर्स्ट की तुलना में बहुत कम है। इस वक्त हिमाचल प्रदेश से लेकर उत्तराखंड और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्यों में बादलों के फटने की ऊंचाई तीन से चार हजार फीट तक पहुंच चुकी हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले वर्ष जिस तरह से हिमाचल के कांगड़ा में बादल फटा था, इतनी ऊंचाई वाले इलाकों में अमूमन बदल के फटने की घटनाएं नहीं होती थीं। इस बार भी जिन इलाकों में बादल फटने की सूचनाएं मिल रही हैं, उनकी ऊंचाई भी सामान्यतः कम ही है। मौसम वैज्ञानिक आरएन प्रजापती कहते हैं कि बादलों के फटने का सिलसिला कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ज्यादा खतरनाक होता है। उनका कहना है कि अमूमन पहाड़ों पर आबादी तो हर हिस्से में होती ही है, लेकिन सबसे ज्यादा आबादी पहाड़ के शुरूआती चार हजार फीट की ऊंचाई वाले हिस्सों में भी खूब होती है। ऐसे में अगर बादलों के फटने का सिलसिला कम ऊंचाई पर होगा, तो ज्यादा से ज्यादा आबादी प्रभावित होगी और खतरा बढ़ेगा। वह बताते हैं कि हिमाचल से लेकर उत्तराखंड में बारिश ने बीते कुछ दिनों में कुछ ऐसे ही बादल फटने के ट्रेंड दिखाने शुरू किए हैं। उनकी चिंता इस बात को लेकर है कि अगर यह सिलसिला लगातार चला तो कहीं कोई बड़ी तबाही ना आ जाए।

मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि जितना ज्यादा क्लाउड बर्स्ट होगा, उतना ही बड़ा खतरा पहाड़ों के खिसकने और लैंड स्लाइडिंग का बना रहेगा। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक रहे डीपी शुक्ला कहते हैं कि पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के साथ-साथ अचानक होने वाली क्लाउड बर्स्ट जैसी घटना से पहाड़ों का कमजोर होना शुरू हो जाता है।

जब यह पहाड़ कमजोर होते हैं, तो अचानक लैंडस्लाइडिंग और पहाड़ के खिसकने जैसी घटनाएं भी होने लगती है। उनका कहना है कि यह परिस्थितियां बेहद चिंताजनक हैं। जरूरी यह है कि अब पहाड़ों पर होने वाली बसावट का नए सिरे से ध्यान रखकर डेवलपमेंट किया जाना चाहिए।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने जापानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया, साझेदारी बढ़ाने पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच संबंधों को और बेहतर करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जापानी संसदीय और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया, जिसका नेतृत्व जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर फुकुशिरो नुकागा ने किया। जापानी संसदीय और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई इस मुलाकात में व्यापार, निवेश, शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साझेदारी को बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मानव प्रतिभा एवं कौशल आधार में संपर्कों का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की, जिससे सहयोग को आगे बढ़ाया जा सके।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक–16(1)/निर्माण/2024–25 दिनांक– 01.08.24

**ई–टेण्डर निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदाएँ आमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हे क्र0सं0 01 से 37 तक दिनांक 18.08.2024 को दोपहर 3:00 बजे तक वेबसाईड से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को क्र0सं0 01 से 37 तक दिनांक 20.08.2024 को प्रातः 11:00 बजे से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर जमा करना अनिवार्य होगा।

ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नहीं है, के लिए शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाइट पर आपलोड करना आवश्यक होगा।

विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्तें **http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 02 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# शिव भक्तों पर अधिकारियों ने बरसाए सुगंधित फूल

## महापौर, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और सीडीओ ने की पुष्प वर्षा





### मेरठ रोड टैंक तिराहे पर अधिकारियों ने किया शिव भक्त कांवड़ियों का दिल से स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बृहस्पतिवार को कांवड़ियों की संख्या में इजाफा सड़क पर नजर आ रहा था। तो अधिकारियों ने भी शिव भक्तों के स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ी। गुरुवार को मेरठ रोड स्थित टैंक तिराहे पर महापौर सुनीता दयाल,। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और सीडीओ अभिनव गोपाल व स्थानीय पार्षद व नगर निगम के कर्मचारियों अधिकारियों ने मिलकर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करते हुए सुगंधित फूलों से उनका स्वागत किया। इस दौरान डीजे की धुनों पर कांवड़िए शिव गीतों पर झूम रहे थे। तो अधिकारी उत्साहित होकर सुगंधित फूलों से पुष्प वर्षा कर रहे थे। इस दौरान अधिकारी भी कांवड़ियों का स्वागत करते हुए उत्साहित नजर रहे थे।

उनके चेहरे के भाव और अंदाज बता रहा था कि थके और लंबी दूरी तय करके आ रहे कांवड़ियों के स्वागत का सौभाग्य अधिकारियों को एक अलग अनुभूति का एहसास करवा रहा है।

### डीसीपी सिटी ने मेरठ रोड पर किया कांवड़ियों का स्वागत

करंट क्राइम : सुबह मेरठ रोड पर जिलाधिकारी, महापौर, नगर आयुक्त और सीडीओ द्वारा कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। तो शाम को डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार चौरसिया द्वारा मेरठ रोड पर कांवड़ लेकर लौट रहे शिव भक्तों पर सुगंधित पुष्प से वर्षा की गई और उनका स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी कांवड़ लेकर आ रहे शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की।



### डीएम में की निगम अधिकारियों और व्यवस्था की तारीफ

करंट क्राइम : मेरठ रोड स्थित टैंक तिराहे पर गुरुवार को नगर निगम की ओर से कांवड़ियों का पुष्प वर्षा से स्वागत कार्यक्रम था। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान आईएएस अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने इस दौरान नगर आयुक्त और महापौर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि निगम के द्वारा जिस तरीके से कांवड़ियों और डाक कांवड़ लेकर चल रहे शिव भक्तों का सुगंधित पुष्पों के द्वारा स्वागत किया। सभी के लिए यह एक रमणीय और मनोरम नजारा रहा। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जिस लिहाज से इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान नगर निगम की ओर से व्यवस्थाएं की गई हैं, वह भी प्रशंसनीय है।

### फूलों से भर गई स्वागत वाली सड़क

**करंट क्राइम :** गुरुवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिवन गोपाल और इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, डॉक्टर अनुज उद्यान प्रभारी, महाप्रबंधक जल मुख्य अभियंता निर्माण, वहीं कर अधिकारी पल्लवी सिंह, मिथिलेश एवं अन्य जनप्रतिनिधि यहां उपस्थित थे। सभी ने कांवड़ियों की सुगंधित पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। इस दौरान मेरठ रोड कैंट तिराहे की सड़क सुगंधित फूलों से भरी हुई दूर से ही नजर आ रही थी। साथ ही जैसे ही अधिकारी कांवड़ लेकर लौट रहे शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा करते थे वह आनंदित हो जाते थे।

## भाजपा पार्षद गौरव सौलंकी की भविष्यवाणी निकली सटीक

### एक ही बरसात में भर गया मौहल्लों में पानी और निकासी व्यवस्था रही एकदम वीक







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गौरव सौलंकी नगर निगम के वार्ड संख्या 76 वैशाली क्षेत्र के पार्षद हैं। उन्होंने दैनिक करंट क्राइम से अपनी भविष्यवाणी को लेकर चर्चा की और बताया कि उनकी भविष्यवाणी सटीक निकली। लेकिन नगर निगम की निकासी व्यवस्था बहुत वीक निकली। गौरव सौलंकी ने करंट क्राइम से अपने वार्ड के फोटों भी शेयर किये। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले हम लोग नगर निगम के बड़े अधिकारी से मिले थे। मैंने उसी समय कहा था कि मेरे वार्ड में नालों की सफाई ठीक से नहीं हो रही है। उस समय अधिकारी ने मेरी बात को सच नहीं माना। लेकिन अधिकारी ने शिकायत को नोट किया और जब उन्होंने अपने स्तर पर जांच करायी तो मेरी बात सच निकली। बड़े अधिकारी की मंशा ठीक थी और वो चाहते थे कि कार्य ठीक से हो लेकिन नीचे के अधीनस्थ अधिकारी और कर्मचारी गुमराह करते हैं वो गुमराह करने वाली तस्वीरे भेज देते हैं। गौरव सौलंकी ने बताया कि बुधवार की शाम जब बारिश हुई तब मेरी भविष्यवाणी सटीक निकली। ठीक वही हुआ जो मैने कहा था। उन्होंने



बताया कि बारिश आई और वार्ड में नाले ओवरफ्लो हो गये। पार्क की दीवार ढह गई और गलियों में नदी जैसा सीन हो गया। गनीमत ये रही कि पार्क की दीवार ढहने में कोई जनहानि नही हुई। मैंने पहले ही बता दिया था कि एक ही बरसात में यहां सबकुछ पानी पानी हो जायेगा और ठीक वैसा ही हो गया।

### लचर व्यवस्था से हूं आहत मैं पार्षद होकर देना चाहता हूं राहत

**करंट क्राइम।** वार्ड 76 वैशाली के पार्षद गौरव सौलंकी ने कहा कि नगर निगम की लचर व्यवस्था से मैं आहूत हूं। मैं पार्षद होने के नाते क्षेत्र के लोगों को राहत देना चाहता हूं। मेरा ये प्रयास रहता है कि सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो। उन्होंने क्षेत्र में जलभराव का कारण बताते हुए कहा कि तेज बारिश में जलभराव हो जाता है लेकिन अगर निकासी व्यवस्था ठीक है तो कितना भी पानी हो तीन से चार घंटे में निकल जाता है। अगर बारह घंटे तक क्षेत्र का पानी निकास नहीं हो रहा है तो निश्चित रूप से यहां नाले चोक हैं और नालों की सफाई होनी चाहिए।

## जब भगवा कमांडर ने की पुलिस कमिश्नर की तारीफ

### कुछ तो बात है जो बताया उन्हें ड्यूटी के प्रति बेहद सजग और हमेशा मुस्कुराने वाले मिश्रा जी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में शब्दों के मायने होते हैं। सियासत में चेहरों पर मुस्कान होती है और व्यवहार का अपना लहजा होता है। यहां कब किसकी तारीफ करनी है और कब मौन रहना है इसी में सियासत का एक बड़ा फंडा छुपा हुआ होता है। बुधवार को राजनीति और पुलिस का जब संगम हुआ तो यहां सत्ताधारी दल के महानगर अध्यक्ष ने पुलिस के आयुक्त की तारीफ की। खास बात ये रही कि इस तारीफ को उन्होंने केवल टेंट तक ही सीमित नहीं रखा और अपने सोशल मीडिया पर पुलिस आयुक्त के साथ फोटो भी पोस्ट की और उनकी शान में अच्छे शब्द भी लिखे। कार्यकर्ताओं के बीच भगवा कमांडर के नाम से प्रसिद्ध भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने पुलिस आयुक्त अजय मिश्र की तारीफ की। उन्होंने लिखा कि विश्व हिंदु परिषद बजरंग दल द्वारा दूधेश्वर नाथ मंदिर पर लगाये कैम्प में जाना हुआ तो वहां पर हमेशा मुस्कुराने वाले अपनी ड्यूटी के प्रति बेहद सजग पुलिश कमिश्नर अजय मिश्रा से भी मुलाकात हुई। मुलाकात हुई बात हुई और अब सियासत वालों में ये चर्चा है कि आखिर इतनी जमकर तारीफ हुई है तो कुछ तो बारीक है। शब्द सुंदर आये हैं चेहरा मुस्कान के साथ है और ये तारीफ ऐसे समय में सोशल मंच पर हुई है जब विरोध वाला मोर्चा खुला हुआ है। लैटर बम फूट चुके हैं और ऐसे में महानगर अध्यक्ष की पोस्ट पर पुलिस आयुक्त की ये तारीफ अपने आप में बड़ा संदेश लिए हुए है।

### क्या समझा जाये संगठन की जुबान से तारीफ और विधायकों के विरोध का मतलब

करंट क्राइम। पुलिस आयुक्त अजय मिश्र को लेकर लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने मोर्चा खोला। उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाये और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। बताया तो यहां तक जाता है कि विधायक टोला मुख्यमंत्री से मिला और अपनी बात भी रखी। वहीं एक पार्षद की गिरफ्तारी के बाद नगर निगम की मुखिया ने भी ये कह दिया था कि 4 जून के बाद बतायेगें। मुख्यमंत्री तक विधायक पहुंच गये। लेटर बम फूट गये और वार्ड वाली मुखिया की जुबान से हार्ड वाले शब्द आ गये। लेकिन इस जंग के बीच अचानक सत्ताधारी दल के महानगर अध्यक्ष की जुबान से पुलिस आयुक्त की जमकर तारीफ आती है और पूरे सियासी गलियारे में ये चर्चा फैल जाती है। क्या संगठन की राय यहां पर अपने विधायक से अलग है। क्योंकि विधायकों का कहना है कि पुलिस आयुक्त लोकप्रिय नहीं हैं और महानगर अध्यक्ष उनकी तारीफ में लिख रहे हैं कि पुलिस आयुक्त तो हमेशा मुस्कुराते हैं, अपनी ड्यूटी के प्रति बेहद सजग रहते हैं। ऐसे में इस पोस्ट के सियासी संदेश हैं। क्या संगठन और सरकार वाले जनप्रतिनिधियों के बीच कोई कम्यूनिकेशन गैप चल रहा है। क्या महानगर अध्यक्ष ये चाहते हैं कि टकराव ठीक नहीं है और कार्यकर्ताओं के काम भी होने हैं। ऐसे में बातचीत का रास्ता खुला रहे तो बेहतर है।

### भाजपा के पूर्व पार्षद ने उठा दिया होर्डिंग गिरने केबाद लीगल सवाल

## कहा अगर अवैध था होर्डिंग तो नगर निगम ने काटा क्यों नहीं

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आमतौर पर यूनीपोल गिरने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। आंधी बारिश के दौरान महानगर क्षेत्र में कहीं ना कहीं ऐसी घटनाएं हो जाती है। हादसा भी हो जाता है और बुधवार की रात को ऐसा ही हुआ। जब तेज बारिश और आंधी के दौरान डासना गेट क्षेत्र में एक होर्डिंग गिर गया। इस होर्डिंग की चपेट में आकर एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हुआ जिसकी बाद में मौत हो गई। होर्डिंग नगर निगम का था और जिम्मेदारी के सवाल पर अधिकारियों ने लीपापोती की चादर डाली। निगम के अधिकारियों ने इस होर्डिंग को ही अवैध बताकर अगर इस जिम्मेदारी को खुद को अलग करते हुए खुद को वैद्य साबित कर दिया। निगम अधिकारियों ने ये कह दिया कि यह होर्डिंग अवैध था और नगर निगम का यह होर्डिंग नहीं है। लेकिन यहां पर भाजपा के ही पूर्व पार्षद, पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने इस होर्डिंग की घटना को लेकर निगम की जिम्मेदारी का लीगल सवाल उठा दिया है। हिमांशु मित्तल ने कहा कि निगम



अधिकारियों ने स्पष्टीकरण दे दिया कि यूनीपोल वैध नहीं था लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अगर यूनीपोल अवैध था तो इस अवैध यूनीपोल को हटाना किसकी जिम्मेदारी है। अगर वैध होर्डिंग चैक करना जिम्मेदारी है तो अवैध यूनीपोल हटाना भी निगम की जिम्मेदारी है। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि निगम के अधिकारी यूनीपोल को अवैध बताकर अपनी जिम्मेदारी को वैध साबित नहीं कर सकते हैं। यह लापरवाही का बड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि वो इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे और यह जिम्मेदारी अब तय होकर रहेगी कि होर्डिंग अगर अवैध है, यूनीपोल अगर अवैध है तो किसकी जिम्मेदारी है। हिमांशु मित्तल ने कहा कि वह कोर्ट में याचिका दायर कर रहे हैं और हादसे के लिए निगम अधिकारियों को जिम्मेदार ठहरायेंगे। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि गाजियाबाद में कितने अवैध होर्डिंग हैं।

## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अपने क्षेत्र के लिए मेडिकल कॉलेज की मांग की

### नियम 51 के तहत पहले भी विधायक उठाते रहे हैं यह मुद्दा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नियम 51 के तहत 'एक जनपद - एक मेडिकल कालेज' योजना के अन्तर्गत मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग की है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर लोनी के लिए लगातार मेडिकल कॉलेज की मांग करते रहे हैं। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देशित किया है।



### लोनी में मेडिकल कॉलेज के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध है : नंदकिशोर गुर्जर

**करंट क्राइम।** विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सदन का ध्यानाकर्षण करते हुए नियम 51 के तहत कहा, 'मेरे विधानसभा क्षेत्र लोनी जनपद गाजियाबाद में मीरपुर हिन्दू गांव में 'एक जनपद – एक मेडिकल कॉलेज' की स्थापना के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध हैं। यहां पर एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं है जिससे बहुत बड़े क्षेत्र के लोगों को मेडिकल का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अत: नियम 51 के अन्तर्गत लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए जनपद गाजियाबाद में मीरपुर हिन्दू गांव में एक जनपद एक मेडिकल कालेज की स्थापना किये जाने के लिए वक्तव्य की मांग करता हूं।

### मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने रालोद प्रतिनिधि मंडल के साथ यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान खतौली विधायक मदन भईया, आरएलडी के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी सहित अन्य प्रमुख आरएलडी नेता भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रालोद मुखिया, केंद्रीय कौशल विकास व उधमिता मंत्री जयंत चौधरी के बीच किसानों से जुड़े कई मुद्दों पर बातचीत हुई।

## पुस्तकालय व प्रशासनिक भवन का डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने किया शिलान्यास

### जिलाधिकारी ने भवनों का निरीक्षण कर साफ-सफाई का दिया निर्देश



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में खंड विकास कार्यालय मार्ग पर जिलाधिकारी ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय व प्रशासनिक भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान हवन-पूजन भी किया गया। जिलाधिकारी ने खंड विकास कार्यालय परिसर में बने जर्जर भवनों का निरीक्षण कर साफ-सफाई का निर्देश दिया। बता दें कि नगर पालिका परिषद में पिछले बोर्ड में सभासद नितिन कुमार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय व प्रशासनिक भवन बनाने का प्रस्ताव रखा था। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। पुस्तकालय व प्रशासनिक भवन बनाने के लिए एक करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।

शेष, पृष्ठ 6

## संपादकीय

# मनु का कमाल, देश की शान

जब पूरा देश यह आस लगाए बैठा है कि पेरिस ओलिंपिक में हमारे ऐथलीट तोक्यो में जीते अब तक के सबसे ज्यादा 7 पदकों का रेकॉर्ड तोड़कर नई और लंबी लकीर खींचेंगे, तब मनु भाकर की जीत की खबर ने स्वाभाविक ही सबका जोश कई गुना बढ़ा दिया है। उनका यह ब्रॉन्ज मेडल सिर्फ इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि यह पेरिस ओलिंपिक में किसी भारतीय ऐथलीट का पहला मेडल है। इस उपलब्धि की ऐतिहासिक चमक के पीछे कई और बातें हैं।

पहली बात तो यह कि मनु ने ब्रॉन्ज मेडल पर कामयाब निशाना लगाकर एक साथ कई कीर्तमान स्थापित कर दिए हैं। वह ओलिंपिक मेडल जीतने वाली देश की पहली महिला शूटर हो गई हैं। इससे पहले इस ऑल बॉयज क्लब में राज्यवर्धन सिंह राठौर, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग और विजय कुमार ही थे। यही नहीं, मनु पिछले 20 साल में किसी इंडिविजुअल इवेंट में ओलिंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला भी बनीं। 10 मीटर एयर पिस्टल मुकाबले में तो आज तक कोई महिला शूटर ओलिंपिक फाइनल में भी नहीं पहुंची थी।

मनु जिस मंजिल पर पहुंची हैं, उसे उनकी उतार-चढ़ाव भरी यात्रा भी खास बनाती है। मात्र 19 साल की उम्र में तोक्यो ओलिंपिक तक पहुंचकर वहां अचानक पिस्टल खराब होने की वजह से चूक जाना किसी भी टीनेजर के लिए कितना बड़ा झटका होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। मनु न केवल उस झटके से उबरीं बल्कि अगले ही ओलिंपिक में जीत दर्ज कराकर अपनी फाइटिंग स्पिरिट का सिक्का जमा लिया।

सबसे बड़ी बात यह है कि मनु महज एक ऐथलीट नहीं हैं। वह युवा ऐथलीटों की उस पूरी कौम की नुमाइंदगी करती हैं जो देश का गौरव बढ़ाने के अभियान में लगे हैं। चाहे नीरज चोपड़ा हों या पीवी सिंधु या विनेश फोगाट औऱ मीराबाई चानू- ये उन दर्जनों नामों में शुमार हैं जो अपना खून-पसीना जलाते हुए देश का मान बढ़ाने में लगे हैं। इनमें से कई नाम अगले कुछ दिनों में देश को सुनहरी आभा प्रदान करें तो आश्चर्य नहीं।

इसी बिंदु पर उन प्रयासों को दर्ज करना भी महत्वपूर्ण हो जाता है जिनकी बदौलत ये खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर पा रहे हैं। चाहे सरकार की ओर से मुहैया कराई जाने वाली सुविधाएं हों या भारतीय कॉरपोरेट जगत की ओर से स्पॉन्सर की जाने वाली सहूलियतें- इनका ऊंचा होता ग्राफ ही वह माहौल बनाता है जिसमें खिलाड़ी ऊंचे मनोबल के साथ पदक तक पहुंचने वाली छलांग लगा पाता है।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई माह में मामूली रूप से धीमी पड़ी



**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई माह में मामूली रूप से सुस्त पड़ गई। नए ठेकों और उत्पादन की धीमी रफ्तार इसकी वजह बनी। दूसरी तरफ लागत के दबाव और मांग में मजबूती के कारण अक्टूबर 2013 के बाद से बिक्री कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई। गुरुवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जुलाई में घटकर 58.1 हो गया जो जून में 58.3 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दशार्ता है। जानकार बोले- यह छोटी गिरावट इसलिए चिंता नहीं एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ह्यह्यभारत के मुख्य विनिर्माण पीएमआई में जुलाई में विस्तार की गति मामूली धीमी रही लेकिन अधिकतर घटकों के मजबूत स्तर पर बने रहने के कारण यह छोटी गिरावट चिंता का कारण नहीं है। भारतीय विनिमार्ताओं ने जून से मंदी के बावजूद नए ठेकों में पर्याप्त वृद्धि की सूचना दी। एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका और पश्चिम एशिया में स्थित ग्राहकों की ओर से मांग में मजबूती की भी खबर है। भारतीय विनिमार्ताओं ने जुलाई में अंतरराष्ट्रीय बिक्री में मजबूत वृद्धि का अनुभव किया।

एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

### मांग में उछाल ने कीमतों पर डाला दबाव

सर्वेक्षण के अनुसार, विस्तार की समग्र दर उल्लेखनीय रही और 13 वर्षों में दूसरी सबसे मजबूत थी। कीमतों के मोर्चे पर, मांग में उछाल ने भी कीमतों पर दबाव डाला। कच्चे माल की लागत में करीब दो वर्षों में सबसे तेज वृद्धि हुई, जिसने अक्टूबर 2013 के बाद से बिक्री कीमतों में सबसे तेज वृद्धि में योगदान दिया।

# शेयर बाजार का ऐतिहासिक सत्र निफ्टी पहली बार 25,000 के पार बंद



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का कारोबारी सत्र ऐतिहासिक रहा। बाजार के मुख्य सूचकांक रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए हैं। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमश: 82,129 और 25,078 का नया ऑल टाइम हाई लगाया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 126 अंक या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,867 और निफ्टी 59 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,010 पर बंद हुआ। यह पहला मौका है जब निफ्टी 25,000 के ऊपर बंद हुआ है। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,586 शेयर हरे निशान, 2,367 शेयर लाल निशान और 95 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। छोटे और मझोले शेयरों में बिकवाली देखने को मिली है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 500 अंक या 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,490 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 187 अंक या 0.98 प्रतिशत के दबाव के साथ 18,949 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, मारुति सुजुकी, रिलायंस, भारती एयरटेल, जेएसडब्ल्यू स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, एलएंडटी और टाटा मोटर्स टॉप लूजर्स थे।

फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। वहीं, रियल्टी, मीडिया और पीएसयू बैंक दबाव के साथ बंद हुए हैं। चॉइस ब्रोकिंग में इक्विटी रिसर्च एनालिस्ट मंदार भोजने ने कहा कि निफ्टी ने पहली बार 25,000 के स्तर को पार किया है। 24,950 एक मजबूत सपोर्ट लेवल है। अगर निफ्टी 25,000 के पार टिकता है तो यह 25,200 और 25,400 तक जा सकता है। इस समय निवेशकों को हर गिरावट पर खरीदारी करनी चाहिए। जब तक निफ्टी 24,400 के नीचे नहीं बंद होगा, तब तक बाजार में मजबूती बनी रहेगी।

# स्किल इंडिया डिजिटल हब से युवाओं को मिल रहे अधिक रोजगार के अवसर : केंद्रीय मंत्री



**नई दिल्ली।** स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) प्लेटफॉर्म पर जून में करीब 88 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। वहीं, 9.59 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों ने मोबाइल ऐप डाउनलोड किया और 7.63 लाख अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन कोर्स में पंजीकरण कराया है। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा कि एसआईडीएच प्लेटफॉर्म 752 ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध कराता है और इसमें 7.37 लाख मिनट का डिजिटल कंटेंट उपलब्ध है। मंत्री की ओर से आगे कहा गया कि इस प्लेटफॉर्म का प्राथमिक उद्देश्य स्किल डेवलपमेंट के लिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करना है जो कि इंडस्ट्री से जुड़े कोर्स युवाओं को ऑफर कर सके, जिससे उन्हें रोजगार पाने में आसानी हो। मंत्री ने आगे कहा कि एसआईडीएच भारत सरकार को दो बड़ी पहल स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया का मिलाजुला स्वरूप है। रोजगार और उद्यमिता परिदृश्य के लिए उपयुक्त बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि देश के स्थित 33 नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनएसटीआई) में से 19 महिलाओं के लिए हैं। इन एनएसटीआई में क्राफ्ट इन्स्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीआई) के तहत 19 और क्राफ्टमैन ट्रेनिंग स्कीम (सीटीएस) के तहत 23 कोर्स ऑफर किए जाते हैं। महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) ने महिला उद्यमिता प्रोग्राम शुरू किया है। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ साझेदारी के साथ इस पहल के तहत स्किल इंडिया डिजिटल हब पर वित्तीय सहायता और अन्य प्रोडक्ट्स और सर्विसेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि जन शिक्षण संस्थान के कौशल विकास भाग के तहत 82 प्रतिशत ट्रेनी महिलाएं हैं। पीएमकेवीवाई शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम में 45 प्रतिशत प्रतिभागी महिला हैं।

# महिंद्रा ग्रुप इनोवेशन और रोजगार सृजन के लिए करेगा 37,000 करोड़ रुपये का निवेश



**नई दिल्ली।** महिंद्रा और महिंद्रा ग्रुप अगले तीन वर्षों में देश के विकास और इनोवेशन एवं रोजगार सृजन के लिए 37,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा की ओर से यह जानकारी दी गई है। आनंद महिंद्रा ने आगे कहा कि आम बजट 2024-25 में केंद्र सरकार द्वारा पेश की गई एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड स्कीमों का निजी सेक्टर को लाभ उठाना चाहिए। इससे कॉलेज से निकलने वाले युवाओं के लिए अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने एनुअल जनरल मीटिंग में शेयरधारकों से कहा कि यह निजी सेक्टर और सरकार की संयुक्त जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्र निर्माण के लिए रोजगार के अवसर पैदा करे। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का दोबारा से पुनर्गठन होने का फायदा भारत को भी मिल रहा है। भारत का विकास और समृद्धि रोजगार निहित होनी चाहिए। वित्त वर्ष 24 में रोजगार केंद्रित प्रशिक्षण और डोमेन-विशिष्ट स्किल डेवलपमेंट के जरिए महिंद्र ग्रुप ने 2.2 लाख महिलाओं तक पहुंचा है। उन्होंने आगे कहा कि रोजगार सृजन करना सरकार की प्राथमिकता है और इस कारण देश में रोजगार पैदा करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं।

आम बजट 2024-25 में देश में रोजगार बढ़ाने के लिए पांच स्कीमों का ऐलान किया गया है। इसके तहत अगले पांच वर्षों के कार्यकाल में 4.1 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। सरकार ने इन स्कीमों के लिए 2 लाख करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 15 से 29 वर्ष के युवाओं की बेरोजगारी दर में पिछले पांच वर्षों में लगातार कमी देखने को मिली है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में घटकर 10 प्रतिशत रह गई है।

## राशिफल

**मेष :** व्यापार के अच्छे अवसर आपके व्यापार के विस्तार और विस्तार में काफी मददगार साबित होंगे। आप नए क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार रहेंगे।

**वृष :** आप खुद को ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। आप जो भी काम करेंगे, वह समय से पूरा हो जाएगा। इंजीनियर अपने अनुभव का सही दिशा में उपयोग करेंगे।

**मिथुन :** आपको नए व्यवसाय, सौदे और नई नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। काम को पूरा करने के लिए विचार बन रहे हैं। किसी विशेष कार्य में शुरूआत का समय है।

**कर्क :** आपकी मनोकामना पूरी हो सकती है। महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की जा सकती हैं। आप उच्च शिक्षा या नौकरी के लिए विदेश जाना चाहते हैं तो निराश नहीं होंगे।

**सिंह :** आपका दिन ठीक रहेगा। छात्रों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। अच्छा होगा कि कोई भी काम शुरू करने से पहले जीवनसाथी से सलाह-मशविरा कर लें।

**कन्या :** आपको आगे बढ़ने के नए मौके मिल सकते हैं। किसी विशेष पारिवारिक मामले पर निर्णायक रूप से अपनी राय दें।

**तुला :** प्रतियोगिता में भाग लेने वालों के लिए दिन मिलाजुला रह सकता है। कुछ अनावश्यक तनाव उत्पन्न हो सकता है जिससे आपका मन थोड़ा विचलित हो सकता है।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। ऑफिस में आज आपको वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आमदनी में वृद्धि होने की संभावना है।

**धनु :** किसी खास काम में मित्रों का सहयोग मिल सकता है। महत्वपूर्ण मामलों पर लोगों से बात करने का मौका आपको मिल सकता है। इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए।

**मकर :** किसी ऐसे प्रोजेक्ट से आपको अप्रत्याशित लाभ मिलेगा जो आपके दिल के करीब है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

**कुंभ :** दिन आपके लिए शानदार रहेगा। लोगों का विश्वास आप पर बना रहेगा। उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल है।

**मीन :** अधिकांश काम पूरे हो सकते हैं। लाभ मिल सकता है। दोस्तों के साथ भी कोई प्रोग्राम बना सकते हैं। अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने का प्रयास करें।

## चुटकुले

लड़की वाले बेटी के लिए लड़का देखने गए
लड़की वाले- कितना कमा लेते हो?
लड़का- इस महीने दो करोड़ कमाया
लड़की वाले- फिर क्या हुआ?
लड़का- बस, फिर मोबाइल में तीन पत्ती हेंग हो गया और सारी कमाई चली गयी।

---

लड़का- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं
लड़की का बाप- कितना कमा लेते हो
लड़का- 19000 हजार महीना
लड़की का बाप- 15000 मै अपनी बेटी को पाकेट मनी देता हूं
लड़का- वो मिलाके के ही बोल रहा हूं अंकल।

---

पति : प्लीज बाइक तेज ना चलाओ,
मुझे डर लग रहा है।
सरदार : अगर तुझे भी डर लग रहा है,
तो मेरी तरह आँखें बंद कर ले।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है! जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग होने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

02 08 2024

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन





युविका चौधरी अभिनेत्री


शिवानी शर्मा


लता शर्मा


रीनू चौधरी


आशा सिंह



डॉली अत्रे



हरेन्द्र भारद्वाज


सचिन त्यागी


अनुज कुमार ठाकुर


प्रशांत शर्मा


राज श्रीवास्तव


ओमप्रकाश विज


सोहनपाल कंडेरे


सुनील कुमार शर्मा


सुरेन्द्र सिंह


अशोक चौधरी


जगदीश शर्मा


कुलदीप चौधरी


अर्पित गुप्ता


सतीश कसाना


मोहित सिंह


नितिन भारद्वाज


दिलीप चौधरी


शरद त्यागी


फिरोज खान


यामीन अंसारी


अमन कुमार


गोरखनाथ तिवारी



राहुल सिंह

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# शूटिंग में स्वप्निल ने जीता ब्रॉन्ज मेडल, राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने दी बधाई, अभिनव बिंद्रा ने तारीफ में कही बात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय निशानेबाद स्वप्निल कुसाले को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। कुसाले ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक में कमाल करते हुए 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन के फाइनल में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। कुसाले ने 451.4 का कुल स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रहते हुए देश को एक और पदक दिला दिया। यह पहली बार है जब भारत को इस स्पर्धा में ओलंपिक पदक मिला है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर लिखा, स्वप्निल कुसाले को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई। वह पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। भारत ने पहली बार एक ही ओलंपिक में निशानेबाजी



में तीन पदक जीते। निशानेबाजों ने भारत को गौरवान्वित किया है। मैं आगामी स्पधाओं के लिये उन्हें शुभकामना देती हूं। स्वप्निल कुसाले को भविष्य में और कामयाबी पाने के लिए शुभकामना।

ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने लिखा, पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी में स्वप्निल के ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत से बेहद रोमांचित हूं। आपकी कड़ी मेहनत, धैर्य और जुनून वास्तव में सफल रहा है। उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना और निशानेबाजी में पदक जीतना आपके समर्पण और प्रतिभा का प्रमाण है। आपने भारत को इतना गौरवान्वित किया है और सभी को दिखाया है कि सपनों का पीछा करना क्या होता है। पेरिस 2024 ओलंपिक एक अविश्वसनीय आयोजन रहा है और आपकी उपलब्धि इसके अविस्मरणीय क्षणों को जोड़ती है। आगे और भी सफलताएं हासिल करें। चमकते रहें। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने लिखा, स्वप्निल कुसाले को 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में ऐतिहासिक कांस्य जीतने पर बधाई। ओलंपिक में इस स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय।

### मोदी ने स्वप्निल के प्रदर्शन को सराहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, स्वप्निल कुसाले का शानदार प्रदर्शन। पेरिस ओलंपिक में पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक जीतने पर आपको बहुत-बहुत बधाई। उनका प्रदर्शन विशेष है क्योंकि उन्होंने बहुत अधिक लचीलापन और कौशल दिखाया है। इसके अलावा वह इस वर्ग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट भी हैं। सभी भारतीय काफी खुश हैं।

### मुख्यमंत्री योगी ने निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को दी बधाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक-2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले प्रख्यात निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को जीत की बधाई दी है। उन्होंने इस जीत को वैश्विक मंच पर भारत को गौरवान्वित करने वाले बताया है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए स्वप्निल कुसाले को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि यह ऐतिहासिक विजय आपके अथक परिश्रम और असाधारण खेल कौशल का प्रतिफल है। यह जीत देश के असंख्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# वनडे सीरीज से पहले बहुत बड़ा झटका, कुछ खिलाड़ी अचानक बाहर

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच 2 अगस्त से वनडे सीरीज शुरू होनी है, लेकिन इससे पहले बड़ा झटका लगा है। अब से केवल 24 घंटे से भी कम वक्त में पहला मुकाबला शुरू हो जाएगा, लेकिन ऐसी खबर सामने आई है, जिससे हलचल सी मचा दी है। पहले ही तीन टी20 मैचों की सीरीज हार चुकी श्रीलंका की टीम अब और भी ज्यादा संकट में घिरती हुई नजर आ रही है। हालांकि आनन फानन में श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की ओर से रिप्लेसमेंट का भी ऐलान कर दिया गया है, साथ ही तीन खिलाड़ी रिजर्व के तौर पर भी शामिल किए गए हैं, ताकि अगर कोई और दिक्कत बढ़े तो उन्हें खेलने का मौका मिले।

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम इस वक्त श्रीलंका के दौरे पर है। पहला मैच 2 अगस्त को कोलंबो में खेला जाना है। इससे पहले खबर आई कि मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका वनडे सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे, क्योंकि दोनों खिलाड़ियों को चोट लगी है।




### मोहम्मद शिराज और ईशान मलिंगा की टीम में एंट्री

इस बीच श्रीलंका क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका की जगह पर मोहम्मद शिराज और ईशान मलिंगा को वनडे टीम में शामिल करने का ऐलान कर दिया है। इतना ही नहीं कुसल जनिथ, प्रमोद मदुशन और जेफरी वेंडरसे को भी टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया है। ये फैसला ऐहतियात के तौर पर लिया गया है। भारत और श्रीलंका की टीम लंबे समय बाद एक दूसरे से वनडे सीरीज खेल रही है, इसलिए ये ज्यादा अहम है। वहीं अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का भी आयोजन होना है, उससे पहले दोनों टीमों को अपनी अपनी तैयारी परखने का भी मौका मिला है।

# बेल्जियम ने रोका भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अजेय अभियान, 2-1 से जीता मुकाबला

**नई दिल्ली।** बेल्जियम ने पूल बी के मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 2-1 से हराकर भारत का पेरिस ओलंपिक में चला आ रहा अजेय अभियान रोक दिया। भारत को अभिषेक ने दूसरे क्वार्टर में गोल कर शुरूआती बढ़त दिलाई थी, लेकिन बेल्जियम के लिए थिबेयू स्टॉकब्रोएक्स और जॉन डोचमैन ने तीसरे क्वार्टर में एक-एक गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकरार रही। भारतीय टीम ने बेल्जियम के खिलाफ मैच से पहले कोई मुकाबला नहीं गंवाया था। भारत ने न्यूजीलैंड और आयरलैंड के खिलाफ जीत हासिल की थी, जबकि अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था। हालांकि, बेल्जियम के खिलाफ शुरूआती बढ़त लेने के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम हालांकि पहले



ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है।

बेल्जियम की टीम पूल बी में सभी चारों मैच जीतकर शीर्ष पर है, जबकि टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम दूसरे स्थान पर चल रही है। भारत का सामना अब अंतिम ग्रुप मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से होगा। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद बेल्जियम ने भारत पर बढ़त हासिल कर ली है। भारत के लिए दूसरे क्वार्टर में अभिषेक ने गोल कर शुरूआती बढ़त दिलाई थी, लेकिन बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में एक बाद एक दो गोल कर शानदार वापसी की और बढ़त बनाने में सफल रहा। अब 15 मिनट का खेल शेष है और भारत की कोशिश वापसी करने पर लगी होगी। बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में एक और गोल कर भारत पर बढ़त बना ली है। बेल्जियम के लिए जॉन डोचमैन ने 44वें मिनट में शानदार गोल दाग टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी है।


भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने तीसरे क्वार्टर में अपने बढ़त गंवा दी है और बेल्जियम की ओर से थिबेयू स्टॉकब्रोएक्स ने 33वें मिनट में गोल कर टीम को बराबरी दिला दी है। भारत ने दूसरे क्वार्टर में अभिषेक के गोल से बढ़त हासिल की थी, लेकिन बेल्जियम में स्कोर बराबर करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अभिषेक के दूसरे क्वार्टर में किए गए गोल के दम पर बेल्जियम के खिलाफ बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने पहला हॉफ समाप्त होने के बाद बेल्जियम पर 1-0 की बढ़त बनाई हुई है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-0 की बढ़त ले ली है। भारत के लिए अभिषेक ने 18वें मिनट में गोल किया और बेल्जियम के खिलाफ भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। भारत और बेल्जियम के बीच पूल बी का मुकाबला पहले क्वार्टर के बाद गोल रहित बराबरी पर चल रहा है।

# एसीसी के अगले अध्यक्ष बनने को तैयार पीसीबी चेयरमैन नकवी, सामने आई बड़ी जानकारी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के निवर्तमान अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की रोटेशन नीति के अंतर्गत इस साल के अंत में इसके अगले अध्यक्ष बनने को तैयार हैं। हाल में एसीसी की बैठक में अध्यक्ष पद के मामले पर चर्चा की गई थी जिसमें नकवी अगले प्रमुख बनने की दौड़ में हैं। एक सूत्र ने कहा, जब एसीसी इस साल के अंत में बैठक करेगी तो यह पुष्टि करेगी कि नकवी दो साल के कार्यकाल के लिए अगले अध्यक्ष होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह अभी एसीसी अध्यक्ष हैं और उन्हें इस साल जनवरी में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एक साल का विस्तार मिला था। सूत्र ने कहा, जब जय शाह पद से हटेंगे तो पीसीबी प्रमुख कार्यभार संभालेंगे। एसीसी ने हाल में एशिया कप 2025 के मेजबानी अधिकार भारत को दिए थे जिसमें यह टूनामेंट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा जबकि 2027 चरण वनडे प्रारूप में बांग्लादेश में खेला जाएगा।

# भारत की पदक उम्मीदों को लगा बड़ा झटका, मुक्केबाज निकहत जरीन बाहर हुईं



**नई दिल्ली।** भारत की पदक उम्मीदों को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गुरुवार को एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता चीन की वू यू से एकतरफा अंदाज में हार गईं। महिला 50 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करने उतरीं निकहत वू यू के सामने कोई कमाल नहीं दिखा सकीं और 0-5 की हार के साथ ही उनका ओलंपिक में पदक जीतने का सपना टूट गया।

निकहत का यह पहला ओलंपिक था और उन्हें वरीयता नहीं मिली थी क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) को मान्यता नहीं देती जो विश्व चैंपियनशिप कराता है। भारत की पदक की सबसे प्रबल दावेदारों में से एक निकहत पर मौजूदा फ्लाईवेट (52 किग्रा) विश्व चैंपियन यू ने पहले ही दौर से दबाव बना दिया था। निकहत ने जवाबी हमले बोलने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहीं। यू का फुटवर्क बेहतरीन था जिससे वह लगातार स्टांस बदलकर घूंसे बरसाती रहीं। दूसरे दौर में निकहत ने कुछ सीधे पंच लगाए लेकिन यू ने उनके चेहरे पर मुक्के लगाते हुए अंक बनाए।तीसरे दौर में भी यू की चपलता का निकहत के पास कोई जवाब नहीं था। मुक्केबाजी में अब भारत को लवलीना बोरगोहेन और निशांत देव से पदक लाने की उम्मीद है जो अपने-अपने वर्गों में क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुके हैं।

# आज से एथलेटिक्स की शुरूआत, अपना सर्वश्रेष्ठ देने उतरेंगे भारतीय, नीरज चोपड़ा पर रहेंगी निगाहें



**नई दिल्ली।** भारत का 29 सदस्यीय दल पेरिस ओलंपिक खेलों में गुरुवार से शुरू होने वाली एथलेटिक प्रतियोगिता में जब अपना अभियान शुरू करेगा तो सभी की निगाह नीरज चोपड़ा पर टिकी रहेंगी जो भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करके भारतीय खेलों के इतिहास में नया अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे। नीरज मामूली चोटों के कारण ओलंपिक से पहले अधिक प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें लगातार दूसरे ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

नीरज अगर आठ अगस्त को स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहते हैं तो वह भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करने वाले दुनिया के पांचवें खिलाड़ी और लगातार दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। इससे पहले एरिक लेमिंग (स्वीडन; 1908 और 1912), जॉनी मायरा (फिनलैंड; 1920 और 1924), जेलेजनी (चेक गणराज्य; 1992, 1996 और 2000) और एंड्रियास थोरकिल्डसन (नॉर्वे; 2004 और 2008) ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव किया। नीरज ने इस साल केवल तीन प्रतियोगिताओं में भाग लिया लेकिन यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इसलिए स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार है क्योंकि विश्व स्तर पर उनका कोई भी अन्य प्रतिद्वंदी इस सत्र में असाधारण प्रदर्शन नहीं कर पाया है। इस भारतीय एथलीट ने मई में दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लिया था जिसमें उन्होंने 88.36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था जो इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। उन्होंने इसके बाद एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापस ले लिया, क्योंकि वह अपनी जांघ की मांसपेशियों में दर्द महसूस कर रहे थे।

नीरज, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है, ने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर मजबूत वापसी की। उन्होंने पेरिस डायमंड लीग से बाहर होने का विकल्प चुना। उनके कोच ने बाद में चोपड़ा की फिटनेस को लेकर चिंताओं को खारिज कर दिया। पिछले ओलंपिक खेलों के बाद चोपड़ा ने जिन 15 प्रतियोगिताओं में भाग लिया उनमें से केवल दो बार उन्होंने 85 मीटर से कम भाला फेंका।

दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराने वाले और तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च, जर्मनी के जूलियन वेबर और पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स एक बार फिर भारतीय सुपरस्टार के मुख्य प्रतिद्वंद्वी होंगे। पुरुष भाला फेंक में एक अन्य भारतीय किशोर जेना भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में 87.54 मीटर थ्रो के साथ ओलंपिक कोटा हासिल किया था लेकिन उसके बाद उन्हें 80 मीटर का आंकड़ा पार करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन राउंड छह अगस्त को होगा।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता की शुरूआत पुरुष और महिला 20 किमी पैदल चाल से होगी जिसमें अक्षदीप सिंह, विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट पुरुषों की जबकि प्रियंका गोस्वामी महिलाओं की स्पर्धा में भाग लेंगी। भारतीय खिलाड़ियों में पुरुषों के 3000 मीटर स्टीपलचेजर अविनाश साबले और पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम शीर्ष पांच में जगह बनाने की क्षमता रखती है।

# पदकवीर स्वप्निल की पहली प्रतिक्रिया, बोले- गगन नारंग से प्रेरणा मिली, शांत रहना धोनी से सीखा

**नई दिल्ली।** अपने पहले ओलंपिक में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने वाले स्वप्निल कुसाले ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में पदक अपने नाम किया। वह इस स्पर्धा में भारत को ओलंपिक पदक दिलाने वाले पहले भारतीय बन गए। इस जीत के बाद उन्होंने ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर से बातचीत करते हुए खुशी जाहिर की।



स्वप्निल ने कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। काफी भावनाएं हैं अंदर, उसको बाहर तो अभी नहीं निकाल सकता, लेकिन सभी फैंस और पूरे भारत को धन्यवाद।' राइफल में 12 साल बाद भारत को कोई पदक आने को लेकर स्वप्निल ने कहा- दिमाग में इतना ही चल रहा था कि भारत के लिए कुछ हासिल करना है और पदक जीतकर देश का मान बढ़ाना है। अब यह संभव हो पाया है।' 12 साल पहले यानी 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग ने किसी राइफल इवेंट में भारत को कांस्य पदक दिलाया था।स्वप्निल के कांस्य पदक जीतने पर ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए गगन नारंग भावुक हो गए थे और इस पदक को राइफल में दिशा बदलने वाला बताया।

गगन के भावुक होने के बारे में पूछे जाने पर स्वप्निल ने कहा- भैया (गगन) काफी वर्षों से मेरे साथ हैं। मैं उनको देखते हुए बड़ा हुआ हूं और उनसे सीखता भी आ रहा हूं। मुझे उनसे प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया था कि किससे बचना और किसके खिलाफ कौन सी रणनीति बनानी है। मैंने बस उनकी बात मानी। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि थैंक यू मुझे समर्थन करने के लिए। भारत के ओलंपिक इतिहास में पहली बार निशानेबाजों ने तीन पदक एक ही खेलों में जीते हैं। स्वप्निल से पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में और मनु ने सरबजोत के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में कांस्य जीता था।

# पूर्व क्रिकेटर अंशुमान गायकवाड़ के निधन पर पीएम ने जताया दुख, जय शाह ने भी दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अंशुमान गायकवाड़ का बुधवार को कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया। 71 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। दिग्गज क्रिकेटर के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने भी दुख जताया।



### पीएम ने जताया दुख

पीएम ने अंशुमान गायकवाड़ के निधन पर शोक जताया। उन्होंने 'एक्स पर लिखा, श्री अंशुमान गायकवाड़ जी को क्रिकेट में उनके योगदान के लिए याद किया जाएगा। वे एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी और एक बेहतरीन कोच थे। उनके निधन से बहुत दुख हुआ। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति।

### गृह मंत्री ने दी प्रतिक्रिया

गृह मंत्री अमित शाह ने भी पूर्व क्रिकेटर के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा, अंशुमान गायकवाड़ जी के निधन से बहुत दुःख हुआ, वे एक महान क्रिकेटर थे जिनके क्रिकेट कौशल ने भारतीय क्रिकेट का गौरव बढ़ाया। इस दुख की घड़ी में मेरी हार्दिक संवेदनाएँ उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

### जय शाह ने शोक व्यक्त किया

वहीं, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पूर्व क्रिकेटर के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, श्री अंशुमान गायकवाड़ के परिवार और मित्रों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। पूरे क्रिकेट जगत के लिए यह दुखद घटना है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

### गंभीर ने भी जताया दुख

टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी पूर्व क्रिकेटर के निधन पर दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, अंशुमान गायकवाड़ जी के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। भगवान उनके परिवार और प्रियजनों को शक्ति प्रदान करें।

# बैडमिंटन के राउंड ऑफ-16 में आमने-सामने उतरे लक्ष्य-प्रणय, किसी एक का सफर होगा खत्म

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन के स्टार लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू ने पेरिस ओलंपिक में अपने अपने मुकाबले शानदार ढंग से जीतकर एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। प्रणय ने वियतनाम के ली डुक को हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। हालांकि, अब राउंड ऑफ 16 में पुरुषों के एकल वर्ग में भारत के लिए एक मुश्किल मैच हो रहा है। यह मैच भारत के दो स्टार बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक के सफर को इस ओलंपिक में खत्म कर देगा।



### एक का सफर होगा खत्म

दरअसल, आज पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन का सामना एचएस प्रणय से ही होगा। ये मैच फैंस के लिए बुरी खबर है, क्योंकि दोनों देश के शीर्ष बैडमिंटन प्लेयर हैं और दोनों से ही पदक की आस थी। हालांकि, ग्रुप में ऐसी स्थिति होने की वजह से दोनों का आमना सामना हो रहा है। इन दोनों में से कोई एक शुरूआती दौर में बाहर हो जाएगा और भारत के एक पदक की उम्मीद को झटका लगेगा। अगर ये मुकाबला सेमीफाइनल या फाइनल में होता तो दोनों ही पदक जीत सकते थे, जो कि अब नहीं हो सकेगा। ऐसे में दोनों जब आमने-सामने होंगे तो एक-दूसरे के खिलाफ शीर्ष प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। जहां प्रणय की विश्व रैंकिंग 13 है, वहीं लक्ष्य 19वें रैंक पर हैं। हालांकि, जिस तरह बुधवार को लक्ष्य ने क्रिस्टी को हराया, प्रणय उन्हें हल्के में लेने की गलती बिल्कुल नहीं करेंगे।

दोनों ही खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुल सात बार आमने-सामने आ चुके हैं। चार मैचों में लक्ष्य और तीन मैचों में प्रणय ने जीत हासिल की है। दोनों पहली बार 2022 इंडिया ओपन में आमने-सामने आए थे। तब लक्ष्य ने प्रणय को 21-14, 9-21, 14-21 से हराया था। वहीं, पिछली बार दोनों 2023 इंडिया ओपन में आमने-सामने आए थे और लक्ष्य ने तब भी 21-14, 21-15 से मैच जीता था। यह पहली बार होगा जब कोई दो भारतीय पेरिस ओलंपिक के बैडमिंटन में आमने-सामने होंगे। इस मैच को जीतने वाले खिलाड़ी का क्वार्टर फाइनल में सामना जापान के कोडाई नाराओका या चीनी ताइपे के चोऊ तियेन चेन से हो सकता है। हालांकि, न ही प्रणय और न ही लक्ष्य का इन दोनों के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड है। अगर भारतीय इस मैच को भी जीतने में कामयाब रहते हैं तो सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से सामना हो सकता है।

# आईपीएल ऑक्शन से पहले शाहरुख और नेस वाडिया के बीच हुई बहस



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सीजन धमाकेदार होने वाला है। आईपीएल के मालिकों ने बुधवार को बीसीसीआई अधिकारियों से मुलाकात हुई है। इस दौरान आईपीएल के अगले मेगा ऑक्शन से लेकर इम्पैक्ट प्लेयर नियम तक कई मुद्दों पर राय बंटी हुई थी। इस कड़ी में केकेआर के सह मालिक शाहरुख खान और पंजाब किंग्स के कोऑनर नेस वाडिया के बीच तीखी बहस हुई। आईपीएल का 18वां सीजन अगले साल होना है। इस टी20 लीग के 18वें सीजन का मेगा ऑक्शन इसी साल होना है। इसी पर चर्चा के लिए बोर्ड ने अपने मुख्यालय में मीटिंग रखी थी। मीटिंग के बाद यहां जारी प्रेस रिलीज में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि, भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को आईपीएल के आगामी सीजन के लिए कई टॉपिक पर बातचीत का आयोजन किया।

जय शाह ने कहा कि, फ्रेंचाइजी मालिकों ने खिलाड़ी नियमों और सेंटर्ल मचेर्डाइजिंग, लाइसेंसिंग और गेमिंग सहित अन्य व्यावसायिक पहलुओं पर फीडबैक पेश किया। बोर्ड अब आईपीएल खिलाड़ी नियमों को तैयार करने से पहले आगे विचार विमर्श के दौरान इन सिफारिशों को आईपीएल संचाल समिति के पास रखेगा।

# युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने कांवड़ शिविर में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का प्रतीक चिह्न देकर किया स्वागत




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर के पास चल रहे युवा मोर्चा के कांवड़ शिविर में गुरुवार को महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा पहुंचे। युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महामंत्री पप्पू पहलवान, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, पार्षद राहुल शर्मा, प्रतीक माथुर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### शिव भक्तों में सेवा में अग्रणी युवा मोर्चा : संजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा शिव भक्तों की सेवा में लगा हुआ है। देश दुनिया की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा हमारी सनातन संस्कृति को दर्शाने का माध्यम है। देश के विभिन्न राज्यों से शिव भक्त कांवड़िए अपनी मनोकामनाएं लेकर कांवड़ में जल भरकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांवड़ यात्रा सेवा का अवसर है। सभी श्रद्धालुओं को शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा में योगदान करना चाहिए। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने कहा कि सरकार की ओर से शिवभक्तों की यात्रा को सुखद बनाने के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता को भी कांवड़ियों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। मोहनगर पर इस बार तीसरा कांवड़ शिविर चल रहा है, जिसमें पूरी युवा टीम शिव भक्तों की सेवा में लगी हुई है।

# पुस्तकालय व प्रशासनिक भवन का डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने किया शिलान्यास

## जिलाधिकारी ने भवनों का निरीक्षण कर साफ-सफाई का दिया निर्देश



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में खंड विकास कार्यालय मार्ग पर जिलाधिकारी ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय व प्रशासनिक भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान हवन-पूजन भी किया गया। जिलाधिकारी ने खंड विकास कार्यालय परिसर में बने जर्जर भवनों का निरीक्षण कर साफ-सफाई का निर्देश दिया। बता दें कि नगर पालिका परिषद में पिछले बोर्ड में सभासद नितिन कुमार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय व प्रशासनिक भवन बनाने का प्रस्ताव रखा था। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। पुस्तकालय व प्रशासनिक भवन बनाने के लिए एक करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।

गुरुवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने खंड विकास कार्यालय मार्ग पर पुस्तकालय व प्रशासनिक भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने शिरकत दी। शिलान्यास के बाद जिलाधिकारी ने खंड विकास कार्यालय परिसर में बने जर्जर भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई कर पौधरोपण किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोयल, उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता, पूर्व विधायक वहाब चौधरी, अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।




### हिन्दुत्व वालों की लड़ाई अलग और बाबा के भंडारे की कढ़ाही अलग

वो हिन्दुओं को एक करने निकले थे लेकिन खुद ही एक नही हो पाये। हो सकता है कोई बात दिल पर लग गई हो। बहरहाल राहें कुछ ऐसी अलग हुई है कि हिन्दुत्व वालों की कढ़ाही भी अलग हो गई और चूल्हा भी अलग हो गया। पब्लिक का क्या हैं वो तो दोनो चूल्हों पर चढ़ी कढ़ाही के स्वाद ले रही है और जो कहानी को जानते हैं वो विवाद का स्वाद भी ले रहे हैं। सुना है कि बजरंगी भाई किसी बात पर नाराज हो गये और लोगों को तो तब पता चला जब बजरंगी भाई की कढ़ाही धर्म रक्षक वाले चूल्हे पर चढ़ी। सीन ये हैं कि दोनो ही कढ़ाही और दोनो ही चूल्हे दोनो ही भंडारे और दोनो ही कैम्प एकदम अगल बगल में लगे हैं। सीन ये है कि विश्व के हिन्दू एक तरफ और धर्म के रक्षक एक तरफ हैं। इंटरनल लड़ाई एक तरफ और अलग भंडारे की कढ़ाही एक तरफ

### सुन लो भोले बाबा उनकी भी गुहार वो आ रहे हैं नदिया के इस पार

पद ही उनके पास ऐसा है कि कद अपने आप ही बड़ा लगने लगता हैं। वो फेसबुक पर हैलो भी कर दें तो चेलों की फौज ले लो दे लो मचा देती है। सावन माह में वो महादेव को प्रसन्न करने में जुटे हैं। सुना है कि पूरे 12 ज्योर्तिलिंग के दर्शन कर लिये हैं और अब कथा उस विधानसभा में कराने जा रहे हैं जहां से विधायक बनने के अरमान लिये वो द्वादश ज्योर्तिलिंग दर्शन कर आये हैं। रहते वो नदिया के उस पार हैं लेकिन अनुष्ठान जब इधर का है तो फिर उधर पूजा करने का कोई सवाल ही नही हैं। इसलिये वो इस पार आकर भोले बाबा से विधानसभा वाली नैया पार लगाने की गुहार लगायेगें। सुना है भगवा कमांडर पूरे 6 दिन तक सिद्ध श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में धूनी रमायेगें। अब देख रहा है बिनोद वाला अंदाज तो ये है कि जो हवन कुंड नदिया के उस पार रखा जाता था वो हवनकुंड नदिया के इस पार आ गया है। दावेदारी का सीन भोले बाबा के द्वार आ गया है। शहर विधानसभा की मन्नत का डमरू ही शहर क्षेत्र के इस शिवालय से बजेगा।

### फूल वालों को सही में पालिटिक्स सिखा दी पुलिस वालों के साहब ने

सबने देखा कि उन्हे हटाने के लिये पूरा भगवा किला लगा लेकिन किले वालों से साहब का कुछ नही हिला। अल्टीमेटम से लेकर रिक्वेस्ट तक सारे सीन हो गये मगर बाबा ने हर चीज को अनसीन कर दिया। इससे टू मच और क्या होगा कि उन्होने पालिटिक्स करने वालों को ही सिखा दिया कि पालिटिक्स ऐसे होती हैं। लोनी वालों के गढ़ में जाकर उन्होने इस बात को बाकायदा दिखाया। जनरली जब साहब पहुंचे और वहां उन्होने उनके कंधे पर फुल एश्योरेंस वाला हाथ रखकर जता दिया कि डोंट वरी बी हैप्पी। जनरली तो बात ठीक थी लेकिन यहां तो कमांडरी कसीदे भी पुलिस वाले साहब की शान में आ गये। वरना पहले तो फूल वालों का एक खेमा कह रहा था कि आई विल सी यू आफ्टर चार जून और साहब का स्टाईल कुछ ऐसा था कि आई हैड सीन सच अ थ्रेट मैनी टाईम्स इन माई सर्विस। एक टोला पहुंच गया बाबा के दरबार मगर ना सुनी उन्होने गुहार और ना ही कोई खुलकर बोला। अब कहने वाले ने कहा कि सही में बात तो ये है कि इन फूल वालों को पालिटिक्स ही पुलिस वाले साहब ने सिखाई है। दिखा दिया कि सगंठन से लेकर सरकार तक पकड़ इसे कहते हैं। वो यादव जी थे जो तुम्हारी शिकायत से हट गये होगें हमारा नाम फिर से पढ़ लो हमें मिसिर जी कहते हैं

## न्यूज डायरी

### कांवड़ियों को भेंट किए गए पीपल के पत्ते पर बना भगवान भोले शंकर का चित्र



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित हंस इंटर कॉलेज के शिक्षक अमित कुमार ने पीपल के पत्ते पर भगवान शिव का कलात्मक चित्र बनाया है। पीपल के पत्ते पर बने चित्र को उन्होंने कांवड़ियों को भेंट किया। उन्होंने बताया कि पीपल के पेड़ को वृक्षों का राजा कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार पीपल का पेड़ भगवार विष्णु का जीवन व पूर्णतया मूर्तिमान स्वरूप माना गया है। उनकी इस कलाकारी की कांवड़ियों ने सराहना की है।

### फैक्टरी सहकर्मी ने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की



**लोनी (करंट क्राइम)।** फैक्टरी के अंदर गलती करने पर सहकर्मी को डांटना युवक को भारी पड़ा। सहकर्मी उस समय तो वहां से काम छोड़कर चला गया, लेकिन कुछ देर बाद दो-तीन साथी लेकर पहुंचा और युवक के साथ मारपीट की। पीड़ित ने हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। ट्रॉनिका सिटी थाने की रामपार्क विस्तार कॉलोनी निवासी रोनित जैन ने बताया कि वह ट्रॉनिका सिटी की एक फैक्टरी में काम करता है। फैक्टरी में ही काम करने वाला उसका सहकर्मी दीपक काम में कुछ गलती कर रहा था। जिस पर उसने उसे डांट दिया था। आरोप है कि उस समय तो दीपक काम छोड़कर वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद अपने दो-तीन साथी लेकर फैक्टरी में पहुंचा और उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। किसी तरह दूसरे फैक्टरीकर्मियों ने उसकी जान बचाई। पीड़ित ने दीपक और उसके साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### गोदाम का ताला तोड़कर धागा व कपड़ा चोरी

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में शहजादपुर मार्ग पर रजवाहे किनारे बने गोदाम का ताला तोड़कर बदमाश लाखों रुपए की कीमत का धागा चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की विजय मंडी कॉलोनी निवासी कार्तिक गर्ग की पावरलूम की फैक्टरी है। उन्होंने अपना एक गोदाम नगर के शहजादपुर मार्ग पर बना रखा है। गोदाम में उन्होंने फैक्टरी का धागा व अन्य सामान रखा हुआ है। देर रात बदमाश गोदाम का ताला तोड़कर धागा व कपड़ा चोरी करके ले गए। कार्तिक गर्ग ने बताया कि लाखों रुपए की कीमत का कपड़ा व धागा चोरी हुआ है।

# 11वें विवाह योग युवक-युवती परिचय सम्मेलन की बैठक आयोजित




गाजियाबाद, करंट क्राइम। आरडीसी दुर्गा चेंबर जाट समाज के ऑफिस में गुरुवार को आगामी 6 अक्टूबर को एनआर ग्रांड वेव सिटी मैरिज होम में 11वें विवाह योग युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में बनाए जाने वाले सेंटरों को चिह्नित किया गया। इस मौके पर परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, अजय पाल प्रमुख, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, परिचय सम्मेलन के महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, वंदना चौधरी, मनोज चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, रामकुमार पवार, सत्येंद्र तेवतिया, जगबीर सिंह, हरनाम सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दुकानदार पर जानलेवा हमले का फरार आरोपी चार वर्ष बाद गिरफ्तार



**लोनी (करंट क्राइम)।** प्रधानी के चुनाव की रंजिश को लेकर चिरोड़ी मंडी में चार वर्ष पूर्व एक दुकानदार पर किए जानलेवा हमले तथा धमकी देने के एक आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है और दो ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि पांच मार्च 2020 को चिरोड़ी मंडी में किराने की दुकान चलाने वाले मुकेश गोयल की दुकान पर कुछ बदमाशों ने धमकी भरी पर्ची फेंकी थी तथा उसके बाद उसके ऊपर गोली दागकर फरार हो गए थे। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आठ मार्च को एक आरोपी वीरेन्द्र उर्फ वीके को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि गांव में प्रधानी के चुनाव की पुरानी रंजिश को लेकर सन 2020 में उसने और उसके साथ वीरेन्द्र उर्फ वीके, संदीप तथा अंकित ने पहले रैकी कर मुकेश गोयल की दुकान पर धमकी भरी पर्ची फेंकी उसके बाद मुकेश तथा जितेन्द्र पर गोली दागी थी। उसके साथ संदीप और अंकित ने पुलिस के डर से न्यायालय में सरेंडर कर दिया था।

### अधिवक्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए तहसील पर प्रदर्शन

**लोनी (करंट क्राइम)।** हरदोई में 30 जुलाई को हुई वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा के हत्यारों की गिरफ्तारी और परिजनों को आर्थिक मदद की मांग को लेकर लोनी तहसील के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। लोनी तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को दर्जनों अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया और एसडीएम निखिल चक्रवर्ती को ज्ञापन सौंपा।

मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने हरदोई के वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरौत्रा के हत्यारों की अविलम्ब गिरफ्तारी कर उसे फांसी की सजा देने तथा मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक की मांग की। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से ईश्वर चौधरी, शादाब अली, दिनेश कैन, राजेश, अनिल, नहीम, कमलचंद, मनोज त्यागी आदि थे।




### कांवड़ यात्रा में किस आईपीएस की हाई रही टीआरपी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा का जोर जमकर चल रहा है। इस दौरान पूरे कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक ही आईपीएस अधिकारी ऐसे बताएं जा रहे हैं, जिनकी टीआरपी हाई बताई जा रही है। देहात वाले जोन से लेकर नदियापार और सिटी से लेकर लाइनपार तक कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए भीषण गर्मी में पसीना बहा रहे हैं। बता चाहे प्रसिद्ध दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की तैयारी का जायजा लेने की हो या कांवड़ मार्ग पर हंगामे के बाद की स्थिति को कंट्रोल करने के लिए एक्सरसाइज करनी हो, वह किसी में पीछे नहीं रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इस बार की कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में भले कई स्थानों पर हंगामा और वायरल वीडियो सामने आई हो लेकिन पुलिस मैनेजमेंट को दुरुस्त करने के साथ ही खाकी की गुड इमेज को प्रेजेंट करने में भी उनका ही योगदान बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि शहर के सबसे प्रमुख मंदिर में जलाभिषेक के दौरान उनकी वहां ड्यूटी का लगना भी इस बात का संदेश है कि शीर्ष अधिकारियों को उनपर ही भरोसा है और वह भरोसे पर खरा उतरने के साथ ही इसके लिए उनको यह तैनाती भी दी गई है। कांवड़ यात्रा के दौरान कैंपों में प्रसाद ग्रहण करने से लेकर शिव भक्तों का हाल-चाल लेने की उनकी कई तस्वीरें भी आई है। कांवड़ यात्रा को वह फुल इंजॉय करते हुए सुरक्षा और व्यवस्था का प्लान बनाकर चले हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद का सोशल मीडिया हैंडल भी इस बात की गवाही दे रहा है कि उनकी टीआरपी हाई है। इस आईपीएस की एक दिन में अलग-अलग सोशल प्लेट फॉर्म पर बड़ी संख्या में फोटो पोस्ट किए जा रहे हैं। तो कभी भी पैदल मार्च पर नजर आ रहे हैं, जो कभी कांवड़ की अन्य गतिविधियों को संचालित करते हुए देखे जा सकते हैं। उनका वर्किंग स्टाइल और मैनेजमेंट कमिश्नरेट सिस्टम में किसी से छुपा नहीं है। सूत्र तो यहां तक कहते हैं कि वह कमिश्नरेट में अलग ही छवि भी रखते हैं। कुल मिलाकर कांवड़ यात्रा के कुछ घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं, तो वहीं उनके विभाग वाले उनके अधीनस्थ अधिकारी कह रहे हैं कि बॉस के रहते ऑल इज वेल वाली सिचुएशन रहेगी। देखना होगा कांवड़ यात्रा के बाद किन पुलिसकर्मियों को बेस्ट वर्किंग के लिए इनाम और किसको लापरवाही की सजा मिलेगी।



# मंदिर से नकदी चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव सुराना स्थित घूमेश्वर महादेव शिव मंदिर परिसर स्थित शिव व मनसा देवी मंदिर के दानपात्र से नकदी चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1170 रुपए बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाश पर चोरी के पांच मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी मसूरी सर्किल नरेश कुमार ने बताया कि दो दिन पहले सूचना मिली थी कि गांव सुराना स्थित घूमेश्वर महादेव शिव मंदिर परिसर से दो दान पात्र तोड़कर नकदी चोरी हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश करनी शुरू कर दी। पुलिस ने सूचना के आधार पर गुरुवार सुबह चोरी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रोहित कुमार निवासी पिपलैड़ा शिव मंदिर के पीछे थाना धौलाना जिला हापुड़ बताया। पुलिस ने उसके पास से 1170 रुपए बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि दोनों दान पात्र में 37 सौ रुपए मौजूद थे।

# हापुड़ में कावड़ियों ने किया हंगामा, जत्थे पर थूकने का लगाया आरोप



**हापुड़।** हापुड़ कोतवाली नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर कांवड़ियों के जत्थे पर थूकने का आरोप है। कांवड़ियों के जत्थों को इस बात का पता लगा तो उन्होंने जमकर हंगामा किया। आनन-फानन में एसपी समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। तभी हिन्दू संगठनों के लोग भी मौके पर आ गए और किसी प्रकार उन्होंने कांवड़ियों के जत्थे को समझाकर अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला तगासराय के कुछ कांवड़ियां सिकंदर गेट होते हुए ब्रजघाट से गंगाजल लेने के लिए जा रहे थे। जब उनका जत्था बुलन्दशहर रोड के पास पहुंचा तो आरोप है कि एक युवक द्वारा उनके ऊपर थूका गया। जिसका पता लगते ही कांवड़ियां में आक्रोश पनप गया। जिस पर कांवड़ियों ने जमकर हंगामा किया। कावड़ियों ने की गिरफ्तारी की मांग कांवड़ियों का कहना था पहले आरोपियों के गिरफ्तार करें उसके बाद वह गंगा जल लेने जाएंगे। कुछ कांवड़िया सड़क के किनारे बैठ गए।

इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। इसी बीच पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत किया और कांवड़ियों को गंतव्य की ओर रवाना किया।

## गौतम बुद्ध नगर में बारिश से गिरी दीवार

# झुग्गी में सो रहे पति-पत्नी की मौत



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर कालोनी में दीवार गिर गई। झुग्गी में सो रहे 62 साल के सबुर अली और उनकी 50 वर्षीय पत्नी अमीना की मलबे में मौत हो गई। तेज बारिश के चलते तिरूपति ऐनक्लेव की दीवार झुग्गी पर गिर गई, जिससे पति-पत्नी मलबे के नीचे दब गए। घटना के समय दीवार इतनी तेजी से गिरी कि दंपती को बाहर निकलने का कोई मौका नहीं मिला। आवाज सुनकर आस-पास के लोग भागकर पहुंचे और मलबे से दोनों को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दादरी थाना प्रभारी ने बताया कि दीवार गिरने की वजह से दंपती की मौत हुई है और दोनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। सबुर अली और अमीना मूलरूप से असम के धुबरी जिले के आलमगंज गांव के निवासी थे और हाल ही में अंबेडकर नगर कॉलोनी में झुग्गी में रह रहे थे। सबुर कबाड़ का काम करते थे। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और हादसे के कारणों की पूरी पड़ताल की जा रही है।

# हापुड़ में करंट लगने से किसान की मौत

## बैलगाड़ी से चार लेने गया था युवक, तार की चपटे में आया



**हापुड़।** बैलगाड़ी से चार लेने गया था, रास्ते में टूट कर लटक रहे तार की चपटे में आयाहापुड़ में थाना कोतवाली देहात इलाके के सुल्तानपुर गांव में बैल बुग्गी सवार एक किसान करंट की चपेट में आ गया। जहां किसान की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलने पर लोगों में कोहराम मच गया। चैनापुरी मोहल्ला निवासी बबलू सुल्तानपुर गांव में बैल बुग्गी में सवार होकर जंगल से चारा लेने के लिए गया था। जैसे ही वह जंगल के पास पहुंचा वहां एलटी लाइन का तार टूटा हुआ था। जिसके करंट की चपेट में आने से किसान और बैल दोनों चपेट में आ गए।

बैल की भी हुई मौत जहां दोनों की मौत हो गई। इस दौरान भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया सीओ वरुण मिश्र ने बताया कि करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# बिजली गुल, टेंशन फुल : वसुंधरा सेक्टर-10 के बिजलीघर पर लोगों ने किया धरना प्रदर्शन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर- 4ए मनोकामना अपार्टमेंट में 24 घंटे से ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण बिजली नहीं आ रही है। सोसायटी के लोगों में गुरुवार को वसुंधरा सेक्टर-10 बिजलीघर पर प्रदर्शन किया। अध्यक्ष बृजपाल सिंह ने बताया कि बिजली न होने के कारण पूरी रात जाग कर काटनी पड़ी और न ही सप्लाई का पानी भर पाए। लोगों के घर में सुबह सोच करने के लिए भी पानी नहीं था। समस्या का समाधान न मिलने पर आरडब्ल्यूए पदाधिकारी ने कॉलोनी वासियों के साथ मिलकर सेक्टर-10 बिजली घर पर धरना दिया। कॉलोनी वासियों की मांग पर बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर की मरम्मत की और समस्या का निदान किया गया।

महासचिव नितिन भारद्वाज ने कहा कि ट्रांसफार्मर की कम क्षमता और लोड ज्यादा होने के कारण ट्रांसफार्मर बार-बार फुंक जाता है। बिजली विभाग से केवल 250केवी का ट्रांसफार्मर ही मिला जबकि पहले 400केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। लोगों ने 750 केवी के ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की।। अगर भविष्य में 750 केवी का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाता तो कॉलोनी वासी दोबारा धरना प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर विवेक शर्मा, एनके मौर्य, अवनिष चौहान, रजनीश चौहान, राकेश शर्मा, सुरेंद्र चौहान, अमित, संतोष ठाकुर, हेमंत आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की अपील, अमेरिकी संसद में प्रस्ताव पेश

## प्रस्ताव को डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों पार्टियों के 36 सांसदों ने समर्थन दिया



**वाशिंगटन।** अमेरिका के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश किया गया है। इस प्रस्ताव में भारत और अमेरिका के लोकतंत्र के सिद्धांतों, धार्मिक बहुलतावाद, मानवाधिकारों और कानून के शासन को मान्यता दी गई है। यह प्रस्ताव अमेरिकी सांसद टॉम सुओजी ने पेश किया है, जो कि डेमोक्रेट पार्टी के सांसद हैं। इस प्रस्ताव को 36 अन्य सांसदों ने भी समर्थन दिया है और इनमें डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों पार्टियों के सांसद मौजूद हैं।

**अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय को सराहा :** प्रस्ताव में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक साझेदारियों में से एक है। यह साझेदारी लोकतंत्र, धार्मिक बहुलवाद, मानवाधिकार, स्वतंत्रता और कानून के शासन के साझा सिद्धांतों पर आधारित है। भारत और अमेरिका के लोगों के बीच मजबूत संबंध दोनों देशों के लिए परस्पर लाभकारी हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में 40 लाख से अधिक भारतीय मूल के लोग रहते हैं और अमेरिका के सभी क्षेत्रों में भारतीय मूल के लोगों का प्रदर्शन शानदार है। भारतीय मूल के 80 प्रतिशत लोग स्नातक हैं।

### भारत के धार्मिक बहुलतावाद को सराहा

प्रस्ताव के अनुसार, भारत में धार्मिक बहुलवाद का समृद्ध इतिहास है, जिसमें कई धर्मों के लोग मिलकर रहते हैं। इसमें कहा गया है कि अमेरिका में 80 प्रतिशत भारतीय अप्रवासी हिंदू धर्म का पालन करते हैं, और अमेरिकी हिंदू आबादी कुल आबादी का लगभग 1 प्रतिशत होने का अनुमान है।

प्रस्ताव में अमेरिका में स्वामीनारायण संस्था की सराहना की गई है। प्रमुख स्वामी महाराज (1921-2016) ने 4 अगस्त, 1974 को न्यूयॉर्क शहर में पहला इअढर हिंदू मंदिर स्थापित किया। पिछले 50 वर्षों में, पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका में 100 से अधिक मंदिरों तक बढ़ गया है, प्रस्ताव में कहा गया है कि ये मंदिर हजारों परिवारों के लिए आध्यात्मिक स्थान प्रदान करते हैं, साथ ही पूजा, संगति, सामुदायिक भोजन, शिक्षा और युवा और वृद्धों के लिए गतिविधियां भी प्रदान करते हैं।

## लेबनान में भारतीय दूतावास ने जारी की एडवायजरी

# दूतावास ने भारतीयों को लेबनान में गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह

**बेरूत।** तेहरान में हमास के नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए लेबनान के बेरूत में भारतीय दूतावास ने एक एडवायजरी जारी की। दूतावास ने भारतीय को लेबनान में गैर जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया।

भारतीय दूतावास ने एडवायजरी में कहा, ₹लेबनान में सभी भारतीयों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

भारतीय दूतावास ने यह एडवाजरी तब जारी की जब लेबनान की राजधानी में इस्राइली हमले में हिजबुल्ला के वरिष्ठ कमांडर फुआद शुकर की मौत हो गई। यह हमला हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के कुछ घंटो बाद हुआ।

**हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए लिया फैसला**




बता दें कि ईरान की सेना ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने हानिया की मौत की पुष्टि की थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, तेहरान में स्थित इस्माइल हानिया के घर पर हमला हुआ, जिसमें एक अंगरक्षक समेत इस्माइल हानिया की मौत हो गई। हमास ने भी इस्माइल हानिया की हत्या की बात स्वीकार की है और इसका आरोप इस्राइल पर लगाया है। हालांकि अभी तक इस्राइल की तरफ से इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

इससे पहले मंगलवार को ईरान के नए राष्ट्रपति के एक कार्यक्रम में इस्माइल हानिया शामिल हुआ था और उसने ईरान के सुप्रीम लीडर से भी मुलाकात की थी।

# 9/11 के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद के साथ अमेरिका ने किया एक समझौता

## आरोप स्वीकार करने के बदले मौत की सजा खत्म करने के तैयार



**वाशिंगटन।** पेंटागन ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी अभियोजक 09/11 के मास्टरमाइंड खालिद शेख मोहम्मद के साथ एक समझौता किया। इस समझौते के तहत अमेरिका मास्टरमाइंड खालिद शेख द्वारा आरोप स्वीकार करने के बदले मौत की सजा खत्म करने के तैयार है। यह समझौता लंबे समय से चल रहे मामलों के समाधान में किया गया। पेंटागन की तरफ से जारी बयान के अनुसार, फिलहाल इस प्रस्ताव से जुड़े किसी भी विवरण को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।

पिछले साल भी ऐसा ही प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन 11 सितंबर 2001 के हादसे में मारे गए करीब 3000 लोगों के परिवारवालों का मानना था कि आरोपियों को मौत की ही सजा होनी चाहिए। हालांकि, खालिद शेख और दो अन्य आरोपियों के लंबे समय से चल रहे मामलों के समाधान में यह समझौता किया गया है। ये वर्षों तक क्यूबा के ग्वांतानामो बे सैन्य अड्डे पर कैद रहे।

### सीआईए की जेलों में तीन साल रखा गया

अमेरिकी मीडिया ने बताया कि खालिद शेख मोहम्मद, वालिद बिन अताश और मुस्तफा अल-हवसावी ने आजीवन कारावास की सजा के बदले साजिश का दोष स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त की थी। मार्च 2003 में पाकिस्तान में पकड़े जाने से पहले खालिद शेख मोहम्मद को अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन का सबसे भरोसेमंद व्यक्ति माना जाता था। साल 2006 में ग्वांतानामो पहुंचने से पहले उसने गुप्त सीआईए जेलों में तीन साल बिताया।

खालिद शेख ने बताया कि वह 9/11 के हमलों का मास्टरमाइंड था। इसके अलावा वह अमेरिका के खिलाफ कई साजिशों में भी शामिल था। बता दें कि उसने अमेरिका की यूनिवर्सिटी से ही अपनी पढ़ाई पूरी थी। ट्विन टावर को गिराने की योजना बनाने के अलावा खालिद शेख ने दावा किया कि उसने 2002 में अमेरिकी पत्रकार डैनियल पर्ल का सिर काट दिया था। इसके अलावा 1993 में उसने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में भी बमबारी में की थी, जिसमें छह लोगों की मौत हुई थी।

# भारत के पड़ोसी देश म्यांमार के टूटने का बढ़ा खतरा विद्रोही संगठनों ने बड़े हिस्से पर कब्जा किया




**नैप्यिडो।** दुनिया इन दिनों कई संघर्षों से जूझ रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध हो या फिर पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध, वैश्विक तनाव लगातार बढ़ रहा है। अब भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में चल रहा संघर्ष भी लगातार फैल रहा है और हालात ये हो गए हैं कि म्यांमार के टूटने का खतरा पैदा हो गया है। दरअसल विद्रोही सेनाओं ने म्यांमार के उत्तरी क्षेत्र के अधिकांश हिस्से पर कब्जा कर लिया है।

म्यांमार की सेना ने साल 2021 में जनता द्वारा चुनी गई सरकार का तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके खिलाफ कई विद्रोही संगठनों ने सशस्त्र विद्रोह कर दिया। म्यांमार में जारी संघर्ष को अब तीन साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। हालांकि जैसे जैसे समय बीत रहा है विद्रोही संगठन, सेना पर भारी पड़ते नजर आ रहे हैं। जून महीने से म्यांमार के शान राज्य के मेंडले इलाके में लड़ाई चल रही है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, म्यांमार में संघर्ष की वजह से 30 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं।

## म्यांमार के संघर्ष में अब तक 30 लाख लोग विस्थापित हुए

म्यांमार में मानवीय राहत के काम करने वाले संगठन ताइ स्टूडेंट यूनियन ने बताया है कि शान राज्य में हिंसा के चलते एक लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं और जून से जुलाई मध्य तक करीब 141 लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा घायल हुए हैं। म्यांमार के विद्रोही संगठनों ने बीते साल अक्तूबर में ऑपरेशन 1027 के तहत म्यांमार की सेना पर दूसरे चरण का हमला शुरू किया था।



# इस्राइल पर हमले का मास्टरमाइंड सैन्य कमांडर मोहम्मद दइफ ढेर

**तेल अवीव।** इस्राइल के एक और दुश्मन की मौत की पुष्टि हुई है। दरअसल इस्राइल ने कहा है कि हमास का शीर्ष सैन्य कमांडर मोहम्मद दाइफ की जुलाई में मारा जा चुका है। मोहम्मद दइफ ही इस्राइल पर 7 अक्तूबर को हुए हमले का मास्टरमाइंड था। मोहम्मद दाइफ की मौत एक एयर स्ट्राइक में हुई। इस्राइल की सेना ने गुरुवार को एक बयान जारी कर बताया कि हमास का सैन्य कमांडर मोहम्मद दइफ जुलाई में ही एक एयर स्ट्राइक हमले में मारा गया था। यह एयर स्ट्राइक गाजा के दक्षिणी इलाके खान यूनिस में की गई थी। इस्राइली सेना का यह बयान हमास की राजनीतिक शाखा के प्रमुख इस्माइल हानिया की मौत के एक दिन बाद ही आया है। हानिया का बुधवार को ईरान की राजधानी तेहरान में हत्या कर दी गई थी।

**आईडीएफ ने की मौत की पुष्टि**

### खान यूनिस में एक हवाई हमले में मारा गया

इस्राइली सेना बताया कि उन्हें कुछ घंटे पहले ही खुफिया जानकारी मिली है कि मोहम्मद दइफ की जुलाई में ही मौत हो चुकी है। इस्राइली सेना ने खान यूनिस इलाके में स्थित एक कंपाउंड को निशाना बनाकर 13 जुलाई को एयर स्ट्राइक की थी। इसी हमले में मोहम्मद दइफ मारा गया। इस्राइली सेना को सूचना मिली थी कि इस कंपाउंड में मोहम्मद दइफ आया था। दइफ के आने की सूचना पर ही कंपाउड पर हवाई हमला किया गया था, लेकिन हमले में दइफ मारा गया या नहीं इसकी पुष्टि नहीं हो पाई थी। अब पुष्टि होने पर इस्राइली सेना ने इसे बड़ी कामयाबी बताया है।

इस्राइल के एक मंत्री ने कहा है कि हमास का खात्मा अब नजदीक है।

मोहम्मद दइफ (58 वर्षीय) हमास की इज-अल-दीन अल कसाम ब्रिगेड का कमांडर था और करीब दो दशकों तक इस पद पर रहा। दइफ को इस्राइल का सबसे बड़ा दुश्मन और हमास की सैन्य ताकत के पीछे सबसे अहम माना जाता था। इस्राइल में 7 अक्तूबर को हुए हमले के पीछे मोहम्मद दइफ को ही मास्टरमाइंड माना जाता है। उस हमले में 1200 लोगों की मौत हुई थी और ढाई से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था।

मई 2021 में इस्लाम के तीसरे सबसे पवित्र स्थल अल अक्सा पर इस्राइलियों द्वारा हमला करने के बाद अरब और मुस्लिम समाज के लोगों में गुस्सा था। रमजान के दौरान अल अक्सा मस्जिद में इस्राइल के घुसने, नमाजियों को पीटने, उन पर हमला करने, बुजुर्गों और युवाओं को मस्जिद से बाहर खींचने के फुटेज सामने के बाद ही हमास ने इस्राइल पर हमले की योजना बनानी शुरू कर दी थी।

# ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर ने हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद बुलाई

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद गुरुवार को पुलिस प्रमुखों की एक बैठक बुलाई। दरअसल, हाल ही में उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के साउथपोर्ट शहर में तीन लड़कियों की छुरा घोंपकर हत्या की गई। जिसके विरोध में लोगों ने डाउनिंग स्ट्रीट पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया।



**100 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया**

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि बुधवार की शाम को प्रदर्शनकारियों ने हिंसक झड़प की। आपातकालीन कार्यकर्ता पर हमला किया। इसके अलावा विरोध प्रदर्शन की शर्तों का उल्लंघन किया। कुछ पुलिस अधिकारियों को मामूली चोटें भी आईं। इस हिंसक प्रदर्शन के मामले में सौ से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया।

डाउनिंग स्ट्रीट के अलावा साउथपोर्ट और हारलेपूल, उत्तर पश्चिम इंग्लैंड और दक्षिण पूर्व इंग्लैंड के एल्डरशॉट में भी हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया दूर-दराज के इलाकों तक अफवाह फैली थी कि एक मुस्लिम शरणार्थी अवैध तरीके से नाव में सवार होकर देश में आया और उसने बच्चियों पर चाकू से हमला किया।

पुलिस अधीक्षक नील होलीओक ने कहा, साउथपोर्ट की दुखद घटना के बाद जनता में भारी आक्रोश है।

# रूस के साथ बातचीत करने के लिए बेताब यूक्रेन जेलेंस्की आमने-सामने बैठकर करना चाहते हैं बात

**कीव।** लड़ाई के मोर्चे पर पिछड़ने के बाद यूक्रेन अब रूस के साथ कूटनीतिक तरीके से विवाद का अंत करना चाहता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह चाहते हैं कि जब भी रूस यूक्रेन युद्ध पर अगली शांति वार्ता हो, तो उसमें रूस को भी शामिल होना चाहिए।

रूस यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर बीते जून में स्विट्जरलैंड में एक शांति वार्ता हुई थी। जिसमें दुनिया भर के नेता शामिल हुए थे। हालांकि रूस ने उस शांति वार्ता से दूरी बनाकर रखी थी। साथ ही चीन ने भी इस शांति वार्ता में शिरकत नहीं की थी। जेलेंस्की ने कहा कि 'पहली शांति वार्ता में रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था, लेकिन अब समय आ गया है कि रूस भी शांति वार्ता में शामिल हो। दुनिया के अधिकतर देश अब चाहते हैं कि रूस भी बातचीत का हिस्सा बने, वरना बातचीत से कुछ हासिल नहीं होगा। अगर पूरी दुनिया चाहती है कि रूस भी बातचीत में शामिल हो तो हम इसके खिलाफ नहीं हो सकते।'

**जेलेंस्की बोले- पूरी दुनिया चाहती है कि रूस भी बातचीत में शामिल हो**



गौरतलब है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि वह यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन वह युद्धविराम का आदेश तभी देंगे, जब यूक्रेन उन इलाकों को छोड़ने के लिए तैयार हो, जिन पर मॉस्को दावा करता है। वहीं यूक्रेन का कहना है कि वह क्षेत्रीय समग्रता, युद्धबंदियों की रिहाई और यूक्रेन को ऊर्जा और आर्थिक विकास की गारंटी के बिना नहीं मानेगा। जेलेंस्की ने माना है कि चीन एक अहम देश है, लेकिन वह नहीं चाहते कि रूस-यूक्रेन जंग में चीन मध्यस्थता करे। जेलेंस्की चाहते हैं कि चीन रूस पर दबाव बनाए कि वह यूक्रेन पर अतिक्रमण बंद करे।

### सहयोगी देशों से इस बात को लेकर नाराज हुए जेलेंस्की

यूक्रेन ने माना कि उन्हें दुनियाभर के देशों से समर्थन मिला है, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जाहिर की कि उनके कई सहयोगी देश नहीं चाहते कि यूक्रेन की सेना उनके हथियारों का इस्तेमाल रूस के खिलाफ हमले में करे।

जेलेंस्की ने कहा कि 'यह एक बड़ी चुनौती है कि हम सभी हथियार इस्तेमाल नहीं कर सकते, लेकिन अगर आप हमारी जगह होते तो क्या करते?' जेलेंस्की ने कई सहयोगी देशों द्वारा हथियारों की सप्लाई न करने पर भी नाराजगी जाहिर की।

# जुबानी जंग : 'मैं जीता तो आप इस्तीफा दें, आप जीते तो...' मस्क ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति की चुनौती स्वीकार की

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला में फिर से निकोलस मादुरो की सत्ता में वापसी हुई है। रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में मादुरो को विजेता घोषित किया गया। हालांकि, विपक्ष चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहा है। इस बीच, अरबपति बिजनेमैन एलन मस्क और मादुरो के बीच एक अलग जुबानी जंग शुरू हो गई है। नए राष्ट्रपति ने एक्स के मालिक को लड़ने की चुनौती दी, जिसे उन्होंने अब स्वीकार कर लिया है। मस्क ने वेनेजुएला के चुनाव परिणामों को लेकर एक के बाद एक कई पोस्ट किए हैं। उन्होंने मादुरो को तानाशाह बुलाते हुए शर्म आने की बात कही। उन्होंने कहा कि तानाशाह मादुरो तुम्हें शर्म आनी चाहिए। एलन मस्क के चुनौती स्वीकार किए जाने पर सोशल मीडिया यूजर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आइए जानते हैं पूरा मामला क्या है।



**मादुरो ने कहा, 'सोशल मीडिया एक आभासी वास्तविकता बनाता है और आभासी वास्तविकता को कौन नियंत्रित करता है? हमारे नए कट्टर दुश्मन एलन मस्क। क्या आप (मस्क) लड़ना चाहते हैं? चलो लड़ते हैं। एलन मस्क, मैं तैयार हूं। मैं आपसे नहीं डरता हूं। चलो जहां भी आप चाहें, वहां लड़ते हैं।**

राष्ट्रीय चुनाव परिषद के प्रमुख एल्विस एमोरोसो ने बताया था कि मादुरो को 51 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि विपक्षी उम्मीदवार एडमुंडो गोंजालेज के खाते में 44 फीसदी वोट गए हैं। उन्होंने कहा कि यह नतीजे 80 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर पड़े वोट पर आधारित हैं। चुनाव प्राधिकरण ने अभी तक मादुरो के वफादारों के कंट्रोल वाले 30,000 मतदान केंद्रों के आधिकारिक मतदान आंकड़े जारी नहीं किए हैं, जिससे विपक्ष नतीजों की पुष्टि नहीं कर पा रहा है। मतदान शाम छह बजे समाप्त होना था, लेकिन इसके बाद भी करीब छह घंटे तक काराकस में कुछ मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। वेनेजुएला के लोग रविवार के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे, जो 25 साल से एक ही पार्टी के शासन के अंत का रास्ता खोल सकते थे, लेकिन 11 साल से मादुरो को सत्ता से हटाने के लिए वह विफल रहे।

परिणाम घोषित होने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री ने अपना संदेह व्यक्त किया। एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका को गंभीर चिंता है कि घोषित परिणाम वेनेजुएला के लोगों की इच्छा या वोटों को नहीं दर्शाता है। हालांकि, मादुरो की सरकार के करीबी सहयोगी क्यूबा ने कहा कि लोगों ने अपनी बात रखी और क्रांति जीत गई।

मस्क और मादुरो के बीच दुश्मनी पिछले कुछ समय से काराकस में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच पनप रही है। दरअसल, टेस्ला सीईओ एक कट्टर अति-पूंजीवादी और डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक हैं। वहीं, मादुरो समाजवादी नेता हैं। इन्हीं वैचारिक टकराव के कारण दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। बता दें, मादुरो ने एक बस चालक के रूप में शुरूआत की थी। बाद में वे तेल समृद्ध लेकिन आर्थिक रूप से संघर्षरत देश के राष्ट्रपति बने।

निकोलस मादुरो की सत्ता वापसी पर एलन मस्क लगातार सवाल खड़े कर रहे हैं। वह एक के बाद एक कई ट्वीट कर रहे हैं। ऐसे में अब मादुरो ने मस्क पर वेनेजुएला के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि राष्ट्रीय निर्वाचन परिषद (सीएनई) में एक कथित कंप्यूटर हैकिंग के पीछे टेक मुगल का हाथ है।

# कमला हैरिस के समर्थन में आए 60 से अधिक दक्षिण एशियाई राज्यों के नेता

वाशिंगटन। अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स की तरफ से कमला हैरिस मैदान में हैं। दोनों प्रतिद्वंद्वी एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इस बीच जानकारी सामने आई है कि अमेरिका के 60 से अधिक दक्षिण एशियाई अमेरिकी राज्य और स्थानीय निर्वाचित नेताओं ने राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस का समर्थन किया है।

नेताओं का कहना है कि एक भारतीय आप्रवासी मां की बेटी के रूप में हैरिस एक निष्पक्ष और अधिक समावेशी आव्रजन प्रणाली बनाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में उपराष्ट्रपति की जीत से सभी एशियाई अमेरिकियों, अश्वेत समुदायों और महिलाओं को एक मजबूत संकेत जाएगा।

इन नेताओं ने 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड' के साथ मिलकर हैरिस का समर्थन किया, जो 2024 में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैं। बता दें, यह फंड संयुक्त राज्य अमेरिका के राजनीतिक और नागरिक जीवन में भारतीय और दक्षिण एशियाई अमेरिकियों की आवाज को बढ़ावा देने और ऊंचा करने के लिए समर्पित है। इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड द्वारा जारी एक बयान में नेताओं ने कहा, 'दक्षिण एशियाई निर्वाचित नेताओं के रूप में, हम अमेरिका की पहली दक्षिण एशियाई अमेरिकी महिला राष्ट्रपति बनने की कमला हैरिस की ऐतिहासिक दावेदारी का गर्व से समर्थन करते हैं।'

**नेताओं का कहना है कि एक भारतीय आप्रवासी मां की बेटी के रूप में हैरिस एक निष्पक्ष और अधिक समावेशी आव्रजन प्रणाली बनाएंगी।**



कमला हैरिस की चेन्नई में जन्मी मां श्यामला गोपालन का जिक्र करते हुए नेताओं ने कहा कि एक भारतीय प्रवासी मां की बेटी के रूप में वह एक निष्पक्ष और अधिक समावेशी आव्रजन प्रणाली भी बनाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि एक असाधारण गठबंधन निमार्ता के रूप में हैरिस में हमारे देश को ऐसे समय में एकजुट करने की क्षमता है, जब सब कुछ ज्यादा दांव पर लगा हुआ है।

उन्होंने कहा कि पांच नवंबर को हुए चुनाव में हैरिस की जीत सभी एशियाई अमेरिकियों, अश्वेत समुदायों और महिलाओं को एक मजबूत संकेत देगी।




# महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ शिव भक्तों में वितरित किया फल का प्रसाद

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भगवान शिव का प्रिय सावन का महीना चल रहा है। भगवान भोले के भक्त कांवड़िए 'बोल बम-बम' का नारा दोहराते हुए सड़कों पर नंगे पांव चल रहे हैं।

कुछ कांवड़िये जहां अपनी मन्नत पूरी होने पर खुशी से कांवड़ ला रहे हैं तो वहीं कुछ कांवड़िये ऐसे भी हैं जिन्होंने भगवान भोलेनाथ से अपने मन की मुराद मांगी है।

वैशाली सेक्टर-3 की पुलिया के पास चल रहे, शिव सेवा संघ मकनपुर कांवड़ शिविर में गुरुवार को भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, पार्षद राधेश्याम त्यागी, ओबीसी मंडल अध्यक्ष सतीश कसाना, श्यामा शर्मा, देवदत्त पॉल, सलेक त्यागी, विनय त्यागी, हेमंत वाजपेयी, योगेंद्र शर्मा आदि कार्यकर्ता मौके पर रहे।



## एक कदम ईश्वर आराधना की ओर : संजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी और प्रतिकूल मौसम होने के बाद भी शिवभक्तों के कदम नहीं रुक रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों को फल, हलवा रूपी प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा अपने अंतिम चरण में है और इस यात्रा में भी हमेशा की तरह सभी ने मिलकर कांवड़ियों की सेवा की है। इसी के चलते तो हम सब एक-दूसरे के हर कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हैं। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और पूरी कांवड़ यात्रा में शहर के नागरिक और सामाजिक संस्थाएं लगातार शिवभक्तों के स्वागत में जुटी हैं।

## मुलाकात





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मेयर उम्मीदवार श्यामवीर चौधरी ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक तथा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। इस दौरान बीजेपी नेता श्यामवीर चौधरी ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की।

# केदारनाथ गए गाजियाबाद के चार दोस्त लापता

## पांचवें ने फोन करके बताया: बादल फटने के बाद आई बाढ़ में बह गए

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केदारनाथ धाम गए गाजियाबाद के चार युवक लापता हो गए हैं। कहा जा रहा है कि बादल फटने के बाद आई बाढ़ में चारों युवक बह गए। उनका पांचवां साथी रेस्क्यू करके सुरक्षित बचा लिया गया। उसी ने गाजियाबाद में चारों के परिजनों को कॉल करके ये सूचना दी है। फिलहाल बचाव-राहत कार्य जारी है। लापता चारों दोस्तों के नाम सुमित शुक्ला, कृष्णा पटेल, मन्नू और चिराग है। जबकि सूचना देने वाले का नाम सचिन है, जिसको रेस्क्यू किया गया है। सुमित के परिजनों को सचिन ने गुरुवार सुबह फोन करके बताया कि बादल फटने के बाद चारों युवक बह गए। सचिन के अनुसार- वो भी बह गया था, लेकिन एक खच्चर वाले ने हाथ पकड़कर उसको बचा लिया। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने उसको सुरक्षित इलाके में पहुंचाया।



## आस्था



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी पार्षद सचिन डागर यानी बजरंगी भईया हर सावन माह में भोले बाबा की भक्ति में लीन होते हैं। वो किसी वर्ष पूरे हर्ष उल्लास के साथ कांवड़ लेकर आते हैं तो इस वर्ष वो पूरी आस्था श्रद्धा भक्ति भाव में विभोर होकर शिव भक्त कांवड़ यात्रियों की सेवा कर रहे हैं।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब तो खत्म कर दिया होगा भगवा गेम फिनिशर ने मेम्बर निगम के खिलाफ कलेश? अब तो वापस ले लिया होगा उन्होंने उनके खिलाफ कोर्ट में डाला हुआ केस? हमे पता है मिस्टर निगम का हो गया है अब भगवा फेस? इसलिए पार्टी के ओनर में अब मिस्टर गेम फिनिशर नहीं देना चाहेंगे कोई नेगिटिव संदेश? इसलिए तो वो अब फ्री माइंड से तैयार कर रहे है शहर विधानसभा में अपना स्पेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब भी मैं पूर्व मेयर प्रत्याशी श्यामवीर चौधरी का देखता हूँ फेस? तब मुझे लगता है कि क्यों पार्टी इस चेहरे को क्यों नहीं दे रही मजबूत स्पेस? समाज से लेकर हर जगह अच्छा बताया जाता है श्यामवीर भैया का व्यवहार? साथ में है उनके पास ठीकठाक जनाधार? जो व्यक्ति बिना सिंबल के अपनी ताकत पर ले आया हो पचास हजार से ज्यादा वोट? तो फिर ऐसे चेहरे को कुछ भी बड़ा देने पर क्यों नहीं हुआ अभी तक कोई भी विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी भी आप गर्ग साहब तक पहुँचा दो अरदास? हम भी होना चाहते है मेदी, मित्तल की तरह उनके खास? हम भी चाहते है वो हमको भी करायें लोकसभा का भ्रमण? ये कोई जरूरी तो नहीं कि जो उनका खास होगा वो ही जा पाएगा लोकसभा के पास? आखिर हमने भी दिया है गर्ग साहब को वोट? हम भी मेडम सांसद कंगना जी के साथ लेना चाहते है मेदी जी की तरह सेल्फी? बस कैसे ही ले जाए गर्ग साहब हमको अपने साथ? जैसे इस वक्त राजपूत भैया के दिल पर बीत रही है, ऐसा ही कुछ हो रहा है हमारे भी साथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप इस गलफहमी में मत रहो कि वैश्य कोटे से भले ही गर्ग साहब बन गए हो सांसद? शहर विधानसभा सीट से खत्म हो गई वैश्य फैक्टर वाली फाइट? कहने वाले ने कहा, एक बार आप वैश्य समाज के लोगों की टटोलो तो सही नब्ज? आपको पता चल जाएगा कि आपका ये सब सोचना कितना रोंग है और कितना है राइट? हमे पता है इस बार समाज का चेहरा जाएगा समाज के ही उम्मीदवार के साथ? चाहे वो कमल के निशान पर लड़े या फिर लड़े विपक्ष के चेहरे के तौर पर चुनाव? तर्क यही दिए जा रहे है, समाज की ताकत का मुलाहिजा दिखाने के लिए कई चेहरे है तैयार, इस चुनाव से बननी है कौनसी सी भला भाजपा की सरकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजयुमो में एक चेहरा देख रहा है कोष? सुना है इस चेहरे ने अपने होर्डिंग लगाने में जोश के साथ झोंक दिया बहुत ज्याद कोष? दुहाई से लेकर मोहननगर तक दे रहे इस चेहरे के बैनर दिखाई? इनका ये जलवा देखकर एक नेता का संदेश लेकर इनके पास पहुंचा एक चालक भाई? कहा हम आपके मामले को और कर देंगे बेस्ट? बस थोड़े से होर्डिंग आप हमारे नेता की फोटो लगाकर शहर विधानसभा में कर दो इन्वेस्ट? आपका ये समर्पण भविष्य में आयेगा काम? बस एक बार आप हमारे नेता का विधानसभा में आने तो दो नाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपका खींचना चाहता हूं एक बात पर ध्यान? मैं चाहता हूं कि दिवंगत पाषर्द मुकेश त्यागी के परिवार में से किसी एक सदस्य का आना चाहिए नामित पार्षद वाली सूची में नाम? कहने वाले ने कहा मुझे उम्मीद है विधायक जी, महानगर अध्यक्ष जी और तमाम सीनियर पार्षद मेरी बात पर करेंगे विचार? कम से कम त्यागी जी को सच्ची श्रृद्धांजलि देने के लिए हम ये तरीका तो कर सकते हैं इख्तियार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मुझे पता चली है एक पुरानी बात? जिस वक्त कैम्प ऑफि स पर हाऊस टैक्स का समर्थन करने के लिए कई पार्षदों को बुलाया गया था तब यहां पर विकास के नाम पर हाऊस टैक्स बढ़ाने के लिए अधिकतर पार्षदों द्वारा हां में हाथ उठाया गया था? मगर यहां पर नदिया पार के सौलंकी भैया और भाटी भैया ने दिखाये थे कुछ और ही तेवर? स्पष्ट कर दिया था हम हाऊस टैक्स के पक्ष में नहीं कर पायेंगे कोई भी फेवर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बताना चाहता हूं कार्यकारिणी चुनाव का गणित? इस बार सोच समझकर किया गया था पैनल तैयार? शहर विधानसभा चुनाव को लेकर यहां पर दिखाया गया था ज्यादा फोकस? कम हुआ था नदिया पार के नामों पर विचार? जिस क्षेत्र का ज्यादा प्रतिशत है वहां से चुनाव गया केवल एक ही उम्मीदवार? समझ लो इस घोषणा का मैटर, कोई तो वजह है जो भगवा कमांडर को ये गणित लगा बैटर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अपने ही किसी खास ने मिस्टर पहलवान पर लगा दिये बिरादरीवाद के आरोप? कहा आपका झुकाव आपकी बिरादरी पर ही रहता है? मैंने किया है इस बात पर गहरा शोध? मैं देख रहा हूं लगातार आप पूरी प्रवीणता के साथ भाटी के यहां, भड़ाना जी के यहां, डेढ़ा जी के यहां लगा रहे हो प्रोग्राम? बस मैं यही पूछना चाहता हूं आपसे कि क्या आपको नहीं आता बिरादरी के अलावा किसी और का ध्यान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं खड़ा था किन्हीं स्वामी के आस-पास? वो शायद किसी कमांडर से कर रहे थे बात? पूछ रहे थे वो उनसे दुकानों के किराये पर सवाल? कह रहे थे क्या आप नहीं बढ़ने दोगे दुकानों का किराया, रखोगे हम जैसे व्यापारियों का ख्याल? सुना है सामने से आई आश्वासन से भरी हुइ जबरदस्त आवाज? कहने वाले ने कह दिया नहीं बढ़ने दिया जायेगा दुकानों का किराया? इस बात को चाहो तो लिख कर रख लो अपने पास?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भोले का आशीर्वाद लेने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचे शिवशक्ति धाम डासना के कांवड़ यात्री

## विश्व धर्म संसद सम्पूर्ण संत समाज का संकल्प बनेगी : महन्त नारायण गिरी महाराज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सनातनधर्मियों के अस्तित्व की रक्षा के लिए शिवशक्ति धाम डासना में स्थापित होने वाले पंच धातु से निर्मित शिव परिवार की स्थापना स्वयं महन्त नारायण गिरी करेंगे। शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व पंचदसनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के प्रतिनिधि के रूप में पूर्व मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड डॉ. उदिता त्यागी और यति संन्यासी, यति सत्यदेवानंद, यति रणसिंहानंद, यति परमतमानंद, अजय सिरोही, मोहित बजरंगी तथा अन्य भक्तगणों द्वारा 25 जुलाई को हरिद्वार के माया देवी मंदिर जूना अखाड़े के आनंद भैरव घाट से उठाई गई कांवड़ गुरुवार को गाजियाबाद पहुंची। यह कांवड़ विश्व धर्म संसद की सफलता, हिंदू परिवारों में वृद्धि व मजबूती और जातिवाद व जातीय वैमनस्यता के समूल विनाश के लिए उठाई गई है।




## सनातन धर्म की रक्षा के लिए उठाई गई कांवड़

**करंट क्राइम।** यह ऐसी पहली कांवड़ है जो सनातन धर्म के मानने वालों की रक्षा के लिए उठाई गई है। इन कांवड़ यात्रियों के साथ पंच धातुओं का बना भव्य शिव परिवार भी है जिसे सनातन धर्म की रक्षा के लिए शिवशक्ति धाम डासना में स्थापित किया जाएगा। कांवड़ के शिवशक्ति धाम डासना पहुंचने से पहले महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी, विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी तथा अन्य सहयोगियों के साथ दूधेश्वरनाथ मठ पहुंचे जहां उन्होंने दूधेश्वरनाथ महादेव की पूजा करके महन्त नारायण गिरी का आशीर्वाद लिया। महन्त नारायण गिरी ने बहुत उत्साह और प्रसन्नता के साथ शॉल, पटका व रुद्राक्ष की माला पहनाकर सबको आशीर्वाद दिया। विश्व धर्म संसद इसी उद्देश्य के लिए आयोजित की जा रही है। थोड़ा समय लगेगा परन्तु एक दिन विश्व धर्म संसद सम्पूर्ण संत समाज का संकल्प बनेगी।

## धर्म की रक्षा के लिए विश्व धर्म संसद महत्वपूर्ण पहल : यति नरसिंहानंद गिरी

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए विश्व धर्म संसद महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो सकती है। विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी ने कहा कि देवाधिदेव भगवान महादेव शिव और जगदजननी मां जगदम्बा सम्पूर्ण मानवता की रक्षा के लिए सभी को सद्बुद्धि प्रदान करें। कांवड़ यात्रियों में पंडित सनोज शास्त्री, मोहित बजरंगी, बॉबी त्यागी, उदयवीर, विवेक नागर, अभिषेक, अंकित नागर, रेंचो तथा अन्य भक्तगण शामिल रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सरदार एसपी सिंह ने बापू से जो कहा वो शायद उन्होंने आज के दौर की सच्चाई कही। फोटो और शब्दों के तालमेल को उन्होंने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# भाजपा पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय हरिद्वार से पैदल कांवड़ लेकर पहुंचे





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 झंडापुर के भाजपा पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के 15 पार्टी कार्यकताओं के साथ पैदल हरिद्वार से कावड़ लेकर पहुंचे। गांव पहुंचे पर कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए भगवान भोले के जयकारे लगाए। भूपेंद्र उपाध्याय शिव मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे। और वार्ड की प्रगति और विकास के लिए दुआएं मांगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ लाने का उद्देश्य वार्ड की जनता पर भोले नाथ की कृपा बनी रहे तथा सुख शांति रहे।

26 जुलाई की शाम को हरिद्वार के लिए गए थे, 2 अगस्त को पैदल चलकर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे रहे है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।